तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

वर्ष 37 अंक 158 | कोरबा, बुधवार , दिनांक 11 मार्च 2026 डाक 12 मार्च 2026 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

विविधा

चीनी दूतावास के पास 67वें राष्ट्रीय विद्रोह दिवस के मौके पर प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने हिरासत में ले लिया।

देश-विदेश

करूर भगदड़ मामला: सीबीआई ने टीवीके प्रमुख विजय को फिर किया तलब, 15 मार्च को दिल्ली में पेशी

फीचर पेज

गर्मियों के दौरान चिपचिपे बालों को प्रबंधित करने के लिए आजमाएं ये तरीके



सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला: 12 साल से कोमा में पड़े हरीश राणा को दी इच्छामृत्यु की इजाजत

नईदिल्ली 11 मार्च [एजेंसी]।

सुप्रीम कोर्ट ने भारत में पहली बार पैसिव यूथेनेशिया को मंजूरी दी है। यह फैसला पिछले 13 साल कोमा में रह रहे एक शख्स के लिए आया है। 32 साल के हरीश राणा की जिंदगी सिर्फ मशीनों और ट्यूबों के सहारे चल रही थी, लेकिन अब कोर्ट ने उनके पिता की गुहार पर जीवन-रक्षक इलाज (लाइफ सपोर्ट सिस्टम) हटाने की इजाजत दे दी। यह फैसला 2018 के कॉमन कॉज जजमेंट पर आधारित है, जिसमें गरिमा के साथ मरने का मौलिक अधिकार को मान्यता दी गई थी। कोर्ट ने कहा कि यह पहला मौका है जब इन

दिशानिर्देशों को असल में लागू किया गया है। हरीश राणा कभी एक तेज-तर्रार, पढ़ाई-लिखाई में अच्छा युवक था। 2013 में चंडीगढ़ में अपनी पेइंग गेस्ट हॉस्टल की चौथी मंजिल से गिरने के बाद उसकी जिंदगी हमेशा के लिए बदल गई। गंभीर ब्रेन इंजरी के कारण वह परमानेंट वेजिटेटिव स्टेट में चला गया। उसकी बॉडी 100 फीसदी क्वाड्रिप्लेजिक हो गई। पिछले 13 सालों में उसकी हालत में कोई सुधार नहीं हुआ। वह बिस्तर पर पड़ा रहा, ट्रेकियोस्टॉमी ट्यूब से सांस लेता रहा और पेट में लगे पीईजी ट्यूब से क्लिनिकली एडमिनिस्टर्ड न्यूट्रिशन के जरिए पोषण मिलता रहा। मेडिकल रिपोर्ट्स बताती हैं कि उसके शरीर पर बड़े-बड़े बेड सोर्स हो गए थे। डॉक्टरों ने साफ कहा कि रिकवरी की कोई उम्मीद नहीं बची है। हरीश के पिता ने सालों से अपने बेटे की हालत देखी और आखिरकार सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। 2024 में उन्होंने दिल्ली हाईकोर्ट में अपील की, लेकिन वहां से राहत नहीं मिली। फिर सुप्रीम कोर्ट ने मामले को संज्ञान में लिया। कोर्ट ने प्राइमरी और सेकंडरी मेडिकल बोर्ड बनवाए, जिसमें AIIMS के एक्सपर्ट्स शामिल थे। दोनों बोर्डों ने एकमत से कहा कि हरीश की हालत अपरिवर्तनीय है। इलाज जारी रखना सिर्फ उसकी बायोलॉजिकल एक्जिस्टेंस को लंबा खींच रहा है, कोई फायदा नहीं दे रहा। माता-पिता और मेडिकल बोर्ड दोनों की राय थी कि CAN जैसे इलाज को बंद करना ही उसके हित में है। जस्टिस जेबी पारदीवाला ने रिपोर्ट पढ़कर कहा कि यह दुखद रिपोर्ट है और लड़के को ऐसे ही नहीं रखा जा सकता।

अमेरिका ने होर्मुज स्ट्रेट में तबाह की ईरान की समुद्री सुरंग

धुआं-धुआं हुए माइन बिछाने वाले 16 जहाज

नईदिल्ली 11 मार्च [एजेंसी]।

अमेरिकी ने कहा कि एक दर्जन से ज्यादा माइन बिछाने वाले ईरानी जहाजों को होर्मुज स्ट्रेट में मार गिराया है। वहीं, ईरान ने कहा कि वह इस इलाके में तेल एक्सपोर्ट नहीं होने देगा और वह अपने दुश्मनों को एक लीटर भी तेल नहीं भेजने देगा। यूएस सेंट्रल कमांड के अनुसार, तेहरान की इस अहम जलमार्ग में शिपिंग को रोकने की कोशिश को लेकर चिंताएं बढ़ रही हैं। एक्स पर एक पोस्ट में यूनाइटेड स्टेट्स सेंट्रल कमांड ने कहा कि अमेरिकी सेना ने मंगलवार को कई ईरानी नौसैनिक जहाजों को निशाना बनाया और नष्ट कर दिया। कमांड ने कहा, यूएस फोर्स ने 10 मार्च को होर्मुज स्ट्रेट के पास कई ईरानी नेवी के जहाजों को खत्म कर दिया, जिसमें 16 माइनलेयर भी शामिल थे। साथ ही हमलों का एक वीडियो शेयर किया। यह दावा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप की टिप्पणी के बाद आया है, जिन्होंने कहा था कि अमेरिकी सेना ने इलाके में माइन बिछाने वाले ईरानी जहाजों पर हमला किया है। दिलचस्प बात यह है कि ट्रंप के मुताबिक 10 वेसल तबाह हो गए, जो मिलिट्री के 16 के दावे के उलट है। ट्रूथ सोशल पर एक पोस्ट में ट्रंप ने लिखा, मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि पिछले कुछ घंटों में हमने 10 इनैक्टिव माइन बिछाने वाली बोट्स या शिप पर हमला किया है और उन्हें पूरी तरह से तबाह कर दिया है और भी बहुत कुछ होने वाला है! अमेरिका के राष्ट्रपति ने तेहरान को अहम शिपिंग कॉरिडोर में नेवल माइंस लगाने के खिलाफ भी चेतावनी दी। उन्होंने लिखा, अगर ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट में कोई माइंस लगाई हैं और हमारे पास ऐसा करने की कोई रिपोर्ट नहीं है तो हम चाहते हैं कि उन्हें तुरंत हटा दिया जाए!

बस-कार की टक्कर में 4 लोगों की मौत

शाहजहांपुर। बीसलपुर बेबर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बरेली डिपो की बस ने बुधवार सुबह अर्टिगा कार में टक्कर मार दी जिससे चार लोगों की मृत्यु हो गई जबकि तीन घायल हो गए। बस सुबह करीब साढ़े सात बजे फर्रुखाबाद की ओर से आ रही थी। अलवांजन में सुगसुगी पुलिया के पास हादसा हो गया। सुबह से छाई धुंध को हादसे की वजह माना जा रहा है। एसओ ओमप्रकाश ने बताया कि कार आगरा की है।

मिड-डे मील खाने में गिरी छिपकली से 43 बच्चे बीमार, अस्पताल में इलाज जारी

कोयंबटूर। तमिलनाडु के कोयंबटूर जिले के एक सरकारी स्कूल में मिड-डे मील खाने के बाद फूड पॉइजनिंग का मामला सामने आया है। भोजन करने के बाद करीब 43 छात्र-छात्राएं अचानक बीमार पड़ गए, जिसके बाद उन्हें तत्काल सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार, बीमार होने वाले छात्रों में 30 लड़के और 13 लड़कियां शामिल हैं। सभी बच्चों को उल्टी, पेट दर्द और घबराहट जैसी शिकायतें होने लगीं।

स्कूल प्रशासन ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तुरंत स्वास्थ्य विभाग को सूचना दी और सभी छात्रों को एंबुलेंस व अन्य वाहनों की मदद से नजदीकी सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया है और बच्चों के परिजन काफी चिंतित नजर आ रहे हैं।

रायपुर के विधायक विश्राम गृह में एयरफोर्स के रिटायर्ड विंग कमांडर ने किया सुसाइड

रायपुर। तेलीबांधा थाना क्षेत्र में एयरफोर्स के एक विंग कमांडर द्वारा आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है। घटना से इलाके में हड़कंप मच गया है। सूचना मिलते ही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंच गए और जांच शुरू कर दी है। पत्नी बेंगलुरु में जॉब करती है। दो बच्चे पिता के साथ रायपुर में रहते थे। पति पत्नी के बीच आए दिन विवाद होता था। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार एयरफोर्स के विंग कमांडर विपुल यादव (39) ने विधायक विश्राम गृह स्थित बंगला नंबर 79, पुरैना विधायक कॉलोनी में अपने घर के भीतर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि वे यहां अपने परिवार के साथ रह रहे थे। विंग कमांडर खुदकुशी मामले में शुरुआती जांच

में बड़ा खुलासा हुआ है। पत्नी के साथ उनके पारिवारिक विवाद चल रहा था। 2014 में उन्होंने लव मैरिज की थी। पत्नी अर्जिता श्रीवास्तव भी एयरफोर्स में थी अधिकारी थीं। इस्तीफा देकर वो आईटी सेक्टर कंपनी में काम कर रही थी। काम के सिलसिले में परसो वो दिल्ली रवाना हुई थीं। इनके दो बच्चे हैं। 9 साल का बेटा और 7 साल की बेटी है। घटना के समय दोनों बच्चे दूसरे कमरे में सो रहे थे। घर की मेड चाय देने पहुंची तब विंग कमांडर की फंदे पर झूले देखा। पुलिस ने मृतक का मोबाइल अपने कब्जे में लिया। एफएसएल टीम और पुलिस की टीमें जांच में जुटी हैं।

तेलीबांधा थाना में मर्ग कायम कर सभी पहलुओं पर जांच में जुटी है। विंग कमांडर विपुल यादव मूल रूप से उत्तरप्रदेश आजमगढ़ के निवासी बताए जा रहे हैं। घटना की जानकारी मिलने के बाद तेलीबांधा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और परिवार के सदस्यों से भी पूछताछ की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जांच के बाद ही आत्महत्या के कारणों का खुलासा हो सकेगा।

कोयले की मांग में कमी से चिंतित सीआईएल प्रबंधन

एपेक्स जेसीसी बैठक में कई अहम मुद्दों पर चर्चा

कोरबा। कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) प्रबंधन कोयले की मांग में कमी को लेकर चिंतित नजर आ रहा है। इस विषय पर आयोजित सीआईएल की एपेक्स जेसीसी (ज्वाइंट कंसल्टेटिव कमेटी) की बैठक में विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में प्रबंधन ने बताया कि वर्तमान में कंपनी के पास लगभग 120 मिलियन टन (एमटी) कोयले का स्टॉक उपलब्ध है।

प्रबंधन ने बैठक में यह भी स्वीकार किया कि निजी कंपनियों द्वारा उत्पादित कोयले की गुणवत्ता अपेक्षाकृत बेहतर मानी जा रही है। साथ ही रेलवे रैक समय पर उपलब्ध नहीं होने के कारण भी कोयला आपूर्ति प्रभावित हो रही है। ऐसे में सीआईएल को अपने कोयले की गुणवत्ता सुधारने पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

बैठक के दौरान विभिन्न ट्रेड यूनियन नेताओं ने आईपीओ, लेबर कोड, रिस्ट्रिक्टेड सर्टिफिकेट होल्डरों के प्रमोशन सहित कई मुद्दे उठाए। इस पर प्रबंधन ने स्पष्ट किया कि लेबर कोड केंद्र सरकार का नियम है और सीआईएल इसे लागू करेगा, हालांकि इसे लागू करने से पहले यूनियनों के साथ चर्चा की जाएगी।

रिस्ट्रिक्टेड सर्टिफिकेट होल्डरों के प्रमोशन के मुद्दे पर प्रबंधन ने कहा कि इस विषय पर विचार किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि मई 2025 में हुई एपेक्स जेसीसी बैठक में भी प्रबंधन ने बताया था कि सीएमडी मीटिंग में इस विषय पर सहमति नहीं बन पाई थी। यूनियनों ने बैठक में ठेका मजदूरों के मुद्दे, एचपीसी तथा 9.4.0 को लागू करने की मांग भी उठाई।बैठक की अध्यक्षता सीआईएल के चेयरमैन बी. साईराम ने की। इस दौरान निदेशक (कार्मिक) डॉ. विनय रंजन, निदेशक (बिजनेस डेवलपमेंट), निदेशक (वित्त), निदेशक (मार्केटिंग) सहित सभी अनुषंगी कंपनियों के सीएमडी उपस्थित रहे। ट्रेड यूनियनों की ओर से रमेंद्र कुमार (एटक), हरभजन सिंह सिद्धू (एचएमएस), डी.डी. रामनंदन (सीटू), के.एल. रेड्डी (बीएमएस) और सर्वेश सिंह (सीएमओएआई) ने बैठक में भाग लिया। लंबे समय बाद आयोजित एपेक्स जेसीसी बैठक में एचएमएस के वरिष्ठ नेता नाथूलाल पांडेय मौजूद नहीं थे। उनकी जगह एचएमएस के राष्ट्रीय महासचिव हरभजन सिंह सिद्धू बैठक में शामिल हुए।

लगातार बढ़ रही गर्मी के बीच जंगलों में बढ़ी आग लगने की घटनाएं

कोरबा । कोरबा जिले में जैसे-जैसे तापमान में वृद्धि हो रही है, जंगलों में आग लगने की घटनाओं में भी बढ़ोतरी देखी जा रही है। कोरबा जिले के विभिन्न क्षेत्रों से लगातार वनाग्नि की खबरें सामने आ रही हैं। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए कोरबा वन विभाग पूरी तरह अलर्ट मोड पर है।

जानकारी के अनुसार ?हाल ही में वन मंडल कोरबा के करतला परिक्षेत्र के अंतर्गत कोटमेर परिसर के कक्ष क्रमांक क्र1148 (ग्राम तुरींकटरा) में आग लगने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम और फायर वाचर तत्काल मौके पर पहुंचे। परिसर रक्षक सचिन श्रीवास के नेतृत्व में सुरक्षा श्रमिकों और फायर वाचरों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। इस घटना में लगभग 0.280 हेक्टेयर क्षेत्र प्रभावित हुआ है, जहाँ घास-फूस और सूखे पत्तों के जलने की पुष्टि हुई है।

कोरबा वन विभाग के एसडीओ आशीष ने बताया कि गर्मी बढ़ने के साथ आग की घटनाओं को रोकने के लिए विभाग ने व्यापक तैयारियां की गयी हैं। वन विभाग द्वारा 22 दलों का गठन किया गया है, जो दिन-रात जंगलों में गश्त कर रहे हैं। आग बुझाने के लिए फायर वाचरों को फायर ब्लोअर इंस्ट्रूमेंट दिए गए हैं और संवेदनशील क्षेत्रों में फायर लाइन बनाई जा रही है। ग्रामीणों को विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है।

एसडीओ ने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा हैं कि वे तेंदूपत्ता या महुआ संग्रहण के लालच में जंगलों में आग न लगाएं। उन्होंने जोर देकर कहा कि जंगल सुरक्षित रहेंगे, तभी भविष्य में ग्रामीणों को इनका लाभ मिल सकेगा।

राजस्व प्रकरणों के निराकरण में गुणवत्ता और प्रगति लाने कलेक्टर ने दिए निर्देश

कोरबा,। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आज कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने तहसीलवार समय-सीमा में लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए सभी राजस्व अधिकारियों को लंबित प्रकरणों के निराकरण में तीव्र गति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजस्व प्रकरणों को समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ निराकृत किया जाए। अभिलेख-दुरस्ती के कार्यों को मिशन मोड में लेकर तत्परता से पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। जिन प्रकरणों की समय-सीमा निर्धारित है, उनका निराकरण नियत अवधि के भीतर सुनिश्चित करने को कहा।

कलेक्टर ने सीमांकन के प्रकरणों को बारिश से पूर्व मिशन मोड में पूरा करने तथा मसाहती ग्रामों का सर्वे कर प्रारंभिक प्रकाशन कर भुईंया पोर्टल में अपलोड करने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व कोर्ट एवं ई-कोर्ट के प्रकरणों के अद्यतन में पारदर्शिता बनाए रखने के भी निर्देश दिए।

राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक में कलेक्टर श्री दुदावत ने अविवादित एवं विवादित नामांतरण, खाता विभाजन, सीमांकन, नक्शा-बटांकन, अभिलेख-शुद्धता, ई-कोर्ट प्रकरणों सहित सभी प्रकार के राजस्व प्रकरणों की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। अविवादित एवं विवादित नामांतरण तथा खाता विभाजन के लंबित आवेदनों पर विशेष ध्यान देते हुए उन्होंने निर्देश दिया कि सभी तहसीलदार आगामी 30 दिनों में विशेष प्रयास कर प्रगति सुनिश्चित करें।कलेक्टर श्री दुदावत ने नक्शा-बटांकन एवं अविवादित बंटवारा संबंधित प्रकरणों में भी पर्याप्त प्रगति लाने को कहा। उन्होंने मसाहती ग्रामों के सर्वे एवं नक्शा प्रकाशन की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुए निर्देश दिया कि प्रकाशन के कार्य में तेजी लाई जाए। सीमांकन के प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।बैठक के दौरान उन्होंने व्यपवर्तन, त्रुटि-सुधार, डिजिटल सिग्नेचर, किसान किताब, आधार सीडिंग, स्वामित्व योजना तथा वन अधिकार पट्टा वितरण जैसे विषयों पर भी विस्तृत चर्चा की। उन्होंने सात दिवस के भीतर डिजिटल सिग्नेचर, आधार प्रविष्टि एवं किसान किताब प्रविष्टि में शत-प्रतिशत उपलब्धि सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।स्वामित्व योजना के तहत लंबित ग्रामों का ड्रोन सर्वे कर मार्च माह तक अंतिम प्रकाशन कराते हुए उसे भुईंया पोर्टल में अपलोड करने निर्देशित किया गया। कलेक्टर श्री दुदावत ने वन अधिकार पत्र/फौती नामांतरण हेतु सभी पटवारी सर्किलों में लक्ष्य निर्धारित करते हुए 30 अप्रैल तक फौती नामांतरण के प्रकरणों का लक्ष्य अनुसार निराकरण करने को कहा।उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को प्रकरणों के शीघ्र एवं पारदर्शी निराकरण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। बैठक में ओएसडी श्री भारत किरण, अपर कलेक्टर श्री देवेंद्र पटेल, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कटघोरा श्री तन्मय खन्ना, प्रशिक्षु आईएएस श्री क्षितिज गुरभेले, सभी एसडीएम, भू-अभिलेख प्रभारी अधिकारी, अधीक्षक भू-अभिलेख, सभी तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार उपस्थित थे।

मेहनत, लगन और कोसा पालन ने बदली जीवन की दिशा

कोरबा । कोरबा जिले के ग्राम बरपाली-तानाखार (वि.ख. पोड़ी-उपरोड़ा) के निवासी श्री शिवकुमार बिंझवार आत्मज दादूलाल अनुसूचित जाति के बीपीएल परिवार से आते हैं। उनके पास केवल 1.5 एकड़ कृषि भूमि है और आजीविका के अन्य साधन भी उपलब्ध नहीं थे, लेकिन उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और कोसा कृमिपालन को अपनी आजीविका का आधार बनाया। आज वे कोसा बीज केंद्र बरपाली के सबसे अति-उन्नत कोसा कृमिपालकों में शामिल हैं।पिछले पंद्रह वर्षों से वे सपरिवार कोसा पालन का कार्य कर रहे हैं। मेहनत, तकनीकी जानकारी और रेशम विभाग से मिले मार्गदर्शन ने उनके कार्य को निखारा और उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत बनाया। वर्ष 2025-26 में उनके द्वारा प्रथम फसल से 20,151 नग डाबा कोसाफल का उत्पादन किया गया, जिसका समर्थन मूल्य 49,721 रुपये प्राप्त हुआ। तृतीय फसल से 26,300 नग डाबा कोसाफल उत्पन्न हुए और इसका समर्थन मूल्य 71,760 रुपये रहा। इस प्रकार उन्हें डीबीटी के माध्यम से कुल 01 लाख 21 हजार 481 रुपये की राशि प्राप्त हुई, जिसने उनके परिवार को स्वायी आर्थिक संबल प्रदान किया।श्री शिवकुमार ने अपनी सीमित भूमि और कम संसाधनों के बावजूद कोसा पालन को अपना प्रमुख व्यवसाय बना लिया। इस कार्य से प्राप्त आय से उन्होंने स्वयं के लिए दोपहिया वाहन खरीदा और अपने दोनों पुत्रों रोहित, जो कक्षा 12वीं में अध्ययनरत हैं, तथा राजेश, जो कक्षा 8वीं में पढ़ते हैं कि पढ़ाई के लिए बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की।कोसा पालन की तृतीय फसल का समय नवंबर से जनवरी तक लगभग तीन माह का होता है। इस अवधि में उन्होंने रेशम विभाग द्वारा प्रदाय उच्च तकनीक और आधुनिक विधियों का सही उपयोग करते हुए उत्पादन में उल्लेखनीय बढ़ोतरी की। विभाग द्वारा दी गई तकनीकी जानकारी का उन्होंने कोसा फार्म में बेहतर उपयोग किया और आज वे एक उत्कृष्ट कृषक के रूप में अपनी पहचान बना चुके हैं।श्री शिवकुमार न केवल स्वयं सफल हुए हैं, बल्कि उन्होंने अपने गाँव के 20 से 25 किसानों का समूह बनाकर उन्हें भी कोसा पालन के लिए प्रेरित किया है। उनकी अपेक्षा है कि रेशम विभाग समय-समय पर उन्हें निरोगी और उत्तम गुणवत्ता का टसर कोसा बीज उपलब्ध कराते रहे, जिससे वे उत्पादन बढ़ाकर अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को और अधिक सुदृढ़ कर सकें।मेहनत, लगन और सही तकनीकी मार्गदर्शन का परिणाम है कि श्री शिवकुमार बिंझवार आज कोसा पालन की दुनिया में एक प्रेरणादायक उदाहरण बन चुके हैं। उन्होंने साबित किया है कि इच्छाशक्ति और निरंतर प्रयास से सीमित साधनों के बावजूद जीवन को नई दिशा दी जा सकती है। उनकी यह यात्रा कई अन्य किसानों के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

प्रेस क्लब चुनाव: अजीत मिश्रा के दावे पर मुहर,दिलीप यादव की अपील शून्य

कोरबा। बिलासपुर प्रेस क्लब चुनाव विवाद में राज्य शासन ने दिलीप यादव की अपील खारिज कर दी है। इसके साथ ही 28 दिसंबर 2025 को हुए चुनाव से बनी अजीत मिश्रा की नई कार्यकारिणी को वैधता मिल गई है।वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के उप सचिव के आदेश में कहा गया कि अपीलकर्ता दिलीप यादव ने चुनाव प्रक्रिया शुरू होने से पहले कोई आपत्ति दर्ज नहीं कराई और स्वयं चुनाव में भाग लिया। ऐसे में बाद में चुनाव प्रक्रिया को चुनौती देना विधिसम्मत नहीं है।

गौरतलब है कि 19 सितंबर 2025 को कराए गए चुनाव को मतदाता सूची प्रमाणित नहीं होने के कारण रजिस्ट्रार ने निरस्त कर दिया था और 28 दिसंबर को वर्ष 2023 की मतदाता सूची के आधार पर पुनः चुनाव कराया गया था। इस चुनाव में दिलीप यादव भी प्रत्याशी के रूप में शामिल हुए थे।सभी तथ्यों पर विचार करते हुए शासन ने अपील अस्वीकार कर दी और संबंधित अधिकारी को अधिनियम की धारा 27 व 28 के तहत आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। निर्णय के बाद अजीत मिश्रा की टीम की जीत पर अंतिम मुहर लग गई है।

चरित्र शंका पर पत्नी की हत्या

कोरबा। छत्तीसगढ़ के वनांचल क्षेत्र पसान में आपसी कलह और शक ने एक हंसते-खेलते परिवार को उजाड़ दिया। ग्राम साजाकछार (सारिसमार) में एक पति ने अपनी ही पत्नी पर चरित्र शंका के चलते जानलेवा हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

विवाद की जड़: दावत के बाद खूनी संघर्षघटना 9 मार्च की रात की है। जानकारी के मुताबिक, आरोपी राजूलाल कूजूर के घर पर मुर्गा-भात की दावत थी, जिसमें

उनके रिश्तेदार भी शामिल हुए थे। भोजन के बाद जब मेहमान चले गए, तब पति-पत्नी के बीच विवाद शुरू हो गया। गुस्से में आपा खोकर राजूलाल ने लकड़ी के 'बल्लिंगा' (डंडे) से पत्नी उर्मिला बाई के सिर पर ताबड़तोड़ वार किए। क्रूरता की हद पार करते हुए आरोपी ने महिला का सिर दीवार पर पटक दिया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई।सुबह खुद ही बयां की अपनी करतूतहत्या के बाद आरोपी रात भर घर में ही शव के पास बैठा रहा। अगली सुबह करीब 7 बजे उसने खुद परिजनों को इस घटना की जानकारी दी। मौके पर पहुँचे रिश्तेदारों ने देखा कि उर्मिला का शव लहूलुहान पड़ा था और दीवारें खून से सनी हुई थीं।पुलिस की कार्रवाई और गिरफ्तारीमामले की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर पसान थाना प्रभारी चंद्रपाल खांडे ने टीम और स्नस्यूनिट के साथ घटनास्थल का मुआयना किया।

भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने मोदी का किया आभार एवं अभिनंदन

जिला कार्यालय में उमड़ा पदाधिकारियों का सैलाब

कोरबा। कोरबा में भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा की नवगठित जिला कार्यकारिणी एवं मंडल अध्यक्षों की घोषणा के बाद भाजपा जिला कार्यालय में भव्य आभार एवं अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिले भर से बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित हुए, जिससे संगठन की एकजुटता और ऊर्जा का प्रभावी प्रदर्शन देखने को मिला।

कार्यक्रम का आयोजन पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष डॉ. विजय राठौर के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी, रायपुर संभाग सह प्रभारी डॉ. राजीव सिंह , भाजपा जिला महामंत्री संजय शर्मा , जिला उपाध्यक्ष लक्की नंदा , कोसाबाड़ी मंडल अध्यक्ष राजेश राठौर , चैतमा मंडल अध्यक्ष बृजेश यादव सहित सभी वरिष्ठ पदाधिकारी का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया ।

सभा को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में संगठन ही सबसे बड़ी शक्ति है और पिछड़ा वर्ग मोर्चा हमेशा से संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा है।रायपुर संभाग सह प्रभारी डॉ. राजीव सिंह ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित पार्टी है, जहां हर कार्यकर्ता संगठन की मजबूती का आधार है। वहीं जिला महामंत्री संजय शर्मा ने कहा कि पार्टी की विचारधारा और जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाना हम सभी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है।

पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष डॉ. विजय राठौर ने कहा कि पार्टी नेतृत्व द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाया जाएगा तथा संगठन विस्तार और सामाजिक समरसता के लिए लगातार कार्य किया जाएगा।कार्यक्रम में नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत-सम्मान किया गया तथा सभी ने एकजुट होकर संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का संकल्प लिया।कार्यक्रम का संचालन रामेश्वर सोनी द्वारा किया गया तथा अजय कुमार चंद्रा ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

कलेक्टर ने निर्माणाधीन भवनों का किया निरीक्षण, ठेकेदार को नोटिस जारी करने के दिए निर्देश

कोरबा। विकासखंड कोरबा के दूरस्थ क्षेत्रों में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ ग्रामीणों तक समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण रूप से पहुँच सके, इसके लिए जिला खनिज संस्थान न्यास से स्वीकृत विभिन्न निर्माण कार्यों का कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत ने स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर कार्य की धीमी प्रगति देखकर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की और त्वरित सुधार हेतु स्पष्ट निर्देश दिए।

कलेक्टर ने निर्माणाधीन पशु चिकित्सालय, आंगनबाड़ी भवन तथा शिक्षक एवं चिकित्सक आवास की संरचना का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप, गुणवत्तापूर्ण सामग्री का उपयोग करते हुए किए जाएँ। साथ ही, इंजीनियरों को समय-समय पर स्थल पर उपस्थित रहकर कार्य की नियमित जांच करने के निर्देश भी दिए। ग्राम लेमरू में चिकित्सक आवास निर्माण में लापरवाही पाए जाने पर उन्होंने पीडब्ल्यूडी के कार्यपालन अभियंता को संबंधित ठेकेदार को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

इसके बाद कलेक्टर ने ग्राम सोनपुरी एवं अजगरबहार में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा बनाए जा रहे उप-स्वास्थ्य केंद्र, पीडीएस भवन और पशु चिकित्सालय का निरीक्षण किया। सोनपुरी में उन्होंने पीडीएस और उप-स्वास्थ्य केंद्र दोनों के लिए एक ही परिधि-दीवार (बाउंड्री वॉल) बनाने तथा भवन तक सड़क निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए।

लेमरू में निर्माणाधीन आंगनबाड़ी भवन और चिकित्सक आवास का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने कहा कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएँ। उन्होंने आंगनबाड़ी भवन को नए शैक्षणिक सत्र शुरू होने से पहले हर हाल में तैयार करने और निर्माण संरचना में नियमित पानी की तराई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

चिकित्सक आवास में ठेकेदार की लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने पीडब्ल्यूडी के ईई को ठेकेदार के विरुद्ध नोटिस जारी करने तथा आवश्यकता होने पर कार्य के लिए पुनः टेंडर निकालने के निर्देश दिए। श्यांग में शिक्षक एवं चिकित्सकीय स्टाफ के लिए निर्माणाधीन आवास का निरीक्षण करते हुए उन्होंने अप्रैल तक सभी कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने की समय-सीमा निर्धारित की।धान उठाव में तेजी लाने के निर्देशकलेक्टर श्री दुदावत ने लेमरू धान खरीदी केंद्र का भी निरीक्षण किया तथा धान उठाव में तेजी लाने और लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने डिजिटल भारत निधि के तहत मोबाईल टावर योजना के सम्बंध में ली समीक्षा बैठक

कोरबा । कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में डिजिटल भारत निधि के तहत जिले में मोबाईल टावर योजना के सम्बंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने नेटवर्क विहीन गांवों की सूची तैयार करने, टावर लगाने के लिए उपयुक्त स्थान का चिन्हांकन करने एवं ग्राम सभा से अनुमोदन लेने सहित अन्य कार्यों को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए।कलेक्टर ने कहा कि योजना के तहत पूर्ण नेटवर्क विहीन और आंशिक नेटवर्क वाले क्षेत्रों में मोबाईल टावर लगाए जाएंगे, जिससे दूरदराज के वनांचल, आदिवासी बस्तियों और पिछड़े क्षेत्रों में संचार सुविधाओं की पहुंच बढ़ेगी। नागरिकों के लिए ऑनलाइन सेवाओं की पहुँच और उपयोग में सुविधा व तेजी आएगी। साथ ही विभिन्न विभागों में संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी एवं ऑनलाइन मॉनिटरिंग व डाटा प्रविष्टि में भी आसानी होगी। कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को योजना को गंभीरता से लेने और समयावधि में कार्य पूर्ण करने हेतुनिर्देशित किया। उन्होंने नेटवर्क विहीन क्षेत्रों में वन विभाग के अतिरिक्त उपलब्धता अनुसार राजस्व या आबादी जमीन का चयन करने के निर्देश कहा। पाण्डेय, ओएसडी श्री तरुण कुमार किरण, एसडीएम कटघोरा श्री तन्मय खन्ना, सीईओ जिला पंचायत श्री दिनेश नाग, अपर कलेक्टर श्री देवेंद्र पटेल ई डिस्ट्रिक्ट मैनेजर सुश्री शिखा ठाकुर सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

महतारी वंदन योजना से वनांचल की महिलाओं का जीवन हुआ सशक्त

कोरबा । वनांचल क्षेत्र की महिलाओं के लिए महतारी वंदन योजना ने जीवन में नए अवसर और आर्थिक सहारा प्रदान किया है। ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार की कमी और सीमित संसाधनों के कारण जीवन यापन कठिन था, लेकिन इस योजना के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनने का अवसर मिला है।बोड़ानाला गांव की रहने वाली हितग्राही सुखमत मंझवार योजना से मिले लाभ के सम्बंध में बताती हैं

हिंदू नववर्ष के पहले शुरू होंगे चैत्र नवरात्र, 89 साल बाद बन रहा संयोग

कोरबा। चैत्र नवरात्र की शुरूआत 19 मार्च से होने जा रही है. श्रद्धालु 27 मार्च तक मां दुर्गा की पूजा-अर्चना करेंगे. नवरात्र के आखिरी दिन रामनवमी का महापर्व मनाया जाएगा. हिंदू पंचांग के अनुसार, इस साल नवरात्र और हिंदू नव वर्ष से जुड़ी कुछ खास बातें सामने आ रही हैं. ये बातें 89 साल बाद देखने को मिल रही हैं.हिंदू धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, हिंदू नववर्ष की शुरूआत चैत्र शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से मानी जाती है. इस दिन से विक्रम संवत भी शुरू होता है. लेकिन इस बार प्रतिपदा तिथि के क्षय होने के कारण नया संवत सोधे द्वितीया तिथि से प्रारंभ होगा. इसी वजह से आने वाले साल को रौद्र संवत्सर के नाम से जाना जाएगा. इस बार आने वाला विक्रम संवत 2083 और शक संवत 1948 रहने वाला है.इस साल में नवरात्र की शुरूआत पूराने विक्रम संवत में हो जाएगी, जबकि नया साल 20 मार्च से नए पंचांग के अनुसार शुरू होगा. 19 मार्च को सुबह लगभग 6 बजकर 40 मिनट तक अमावस्या की तिथि रहेगी, इसके बाद प्रतिपदा तिथि शुरू होगी. इस दिन घरों और मंदिरों में कलश स्थापना की जाएगी. भक्त मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा करेंगे. पंचांग के अनुसार, इस साल संवत्सर के राजा गुरु और मंत्री मंगल होंगे

सड़क सुरक्षा के प्रति जिला प्रशासन सख्त

कोरबा। जिले में सड़क सुरक्षा को उच्च प्राथमिकता देते हुए आज कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सड़क दुर्घटना नियंत्रण एवं सुधारात्मक उपायों पर विस्तृत चर्चा की गई। कलेक्टर ने संबंधित विभागों को सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। बैठक में पुलिस विभाग, पीडब्ल्यूडी, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, परिवहन विभाग तथा एसईसीएल, बालको सहित विभिन्न औद्योगिक प्रतिष्ठानों के अधिकारी उपस्थित रहे।



परिवहन अधिकारी श्री विवेक सिन्हा ने बताया कि जिले में पिछले तीन वर्षों की सड़क दुर्घटना के आंकड़ों का विश्लेषण कर 18 प्रमुख ब्लैक स्पॉट तथा 3 ग्रे स्पॉट चिन्हित किए गए हैं। इन स्थानों पर बार-बार होने वाली दुर्घटनाओं को देखते हुए तत्काल सुधार कार्यों की आवश्यकता है। संयुक्त निरीक्षण दल की रिपोर्ट की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री दुदावत ने निर्देश दिया कि सभी चिन्हित ब्लैक स्पॉट पर सड़क चौड़ीकरण, रंबल स्ट्रिप, क्रैश बैरियर, चेतावनी संकेतक, स्ट्रीट लाइट, पेड़ कटाई तथा सोल्डर फिलिंग जैसे कार्य समयबद्ध रूप से पूर्ण किए जाएँ। कलेक्टर ने कहा कि संयुक्त निरीक्षण में कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त सड़क, असुरक्षित मोड़, पेड़ों की छाया से प्रभावित दृश्यता, अतिक्रमण, सड़क किनारे उगी झाड़ियाँ तथा कोयला एवं फ्लाईएश जमाव जैसी समस्याएँ चिन्हित की गई हैं। उन्होंने निर्देश दिया कि छोटी कमियों को एक सप्ताह में तथा बड़े कार्यों को मार्च माह तक हर हाल में पूरा किया जाए।एसईसीएल, बालको एवं अन्य औद्योगिक इकाइयों द्वारा उपयोग किए जाने वाले कोल-डस्ट प्रभावित तथा भारी वाहनों के आवागमन वाले मार्गों की सफाई डेढ़ माह के भीतर मिशन मोड में कराने के निर्देश भी दिए गए।

जिला कांग्रेस कमेटी की नई कार्यकारिणी घोषित

कोरबा - कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के अनुमोदन, नेता प्रतिपक्ष डॉ.चरण दास महंत, सांसद ज्योत्सना महंत के सहमति एवं पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल के अनुशंसा पर कांग्रेस शहर अध्यक्ष मुकेश राठौर ने जिला कांग्रेस कमेटी के विभिन्न पदों पर पदाधिकारियों की नियुक्ति की है। जिसमें विनोद अग्रवाल को कोषाध्यक्ष, पूर्व सभापति धुरपाल सिंह कंवर, राजेन्द्र सिंह ठाकुर, अर्चना उपाध्याय, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष, दुष्यंत शर्मा, अशोक लोध एवं पूर्व एल्डरमेन आरिफ खान को उपाध्यक्ष का जिम्मा दिया गया है । वहीं रमेश जायसवाल, पूर्व एल्डरमेन रेखा त्रिपाठी, लक्ष्मीनारायण देवांगन, पूर्व एल्डरमेन मनीराम साहु, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष सुधीर जैन, एफ डी मानिकपुरी, आनंद पालीवाल, पार्षद रवि सिंह चंदेल, गिरधारी बरेठ, अनुराग मोहितानाथ को महामंत्री बनाये गए हैं ।डॉ.एल पी साहू, रतन लाल यादव, सुरेश पटेल (भिलाई खुर्द) डॉ.डी आर नेताम, संजीव कुमार अग्रवाल, फरियाद अली, प्रमोद श्रीवास, धनंजय चंद्रा, अनिल अग्रवाल, राजेन्द्र सूर्यवंशी, राजुधन चंदानी, संतोष यादव को सचिव की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है । अवधेश सिंह, शत्रुहन श्रीवास, सनीष कुमार, बिसाहू कुंभकार, सरस्वती कंवर, हीरालाल साहू, क्रांति सोनी, अगहन बाई मुड़ापार, संजू देवी पैकरा एवं दिनेश कैवर्त को जिला कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया है । नव नियुक्त पदाधिकारियों ने कहा कि संगठन ने जो भरोसा उन पर जताया है उसे वे पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ पूरी करने का हर संभव प्रयास करेंगे । जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश कुमार राठौर ने बताया कि शीघ्र ही जिला कांग्रेस कमेटी का और विस्तार किया जावेगा साथ ही ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, मंडल कमेटी, वार्ड कमेटी और बूथ कमेटी का गठन होगा जिसमें सभी सक्रीय कार्यकर्ताओं को अवसर मिलेगा ।

श्री राठौर ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री (संगठन एवं प्रशासनिक) मलकीत सिंह गैदू ने पत्र प्रेषित कर बताया कि कांग्रेस संगठन सृजन अभियान के तहत संगठन की मजबूती की सुदृढ़ बनाने के उद्देश से प्रदेश के सभी जिलों में जिला कांग्रेस, ब्लॉक, मंडल, वार्ड एवं बूथ कमेटी में संगठनात्मक ढांचा को शीघ्र ही पूरा करना होगा । जिसके लिए प्रदेश कांग्रेस ने जिलेवार प्रभारी की नियुक्ति की है । कोरबा शहर कांग्रेस कमेटी के लिए विजय केशरवानी प्रभारी बनाए गए हैं । वहीं ग्रामीण कांग्रेस के लिए डॉ. विनय जायसवाल प्रभारी नियुक्त हुए हैं । प्रभारी शुक्रवार तक अपने प्रभार क्षेत्र का दौरा करेंगे और ब्लॉक, मंडल, वार्ड एवं बूथ कमेटी के गठन के लिए आवश्यक दिशा निर्देश जारी करेंगे । प्रदेश कांग्रेस प्रभारी महामंत्री द्वारा जारी किये गए पत्र में स्पष्ट निर्देश है कि विधायक, पूर्व विधायक, प्रदेश कांग्रेस पदाधिकारी, जिला, ब्लॉक, मंडल, वार्ड के अध्यक्षगणों सहित प्रमुख एवं वरिष्ठ पदाधिकारियों को उनके निवासरत बूथ में बीएलए नियुक्त किया जाना है । वर्तमान में कोरबा विधानसभा में 299 बूथ संख्या है जो कि पिछले 2023 के विधानसभा एवं 2024 के लोकसभा चुनाव के समय 244 बूथ संख्ऱ्या थे । इस प्रकार कोरबा लोकसभा में 55 बूथ वहीं कटघोरा में 30, पाली तानाखार में 23 एवं रामपुर विधानसभा क्षेत्र में 22 बूथ संख्या बढ़े हैं । जिला अध्ऱ्यक्ष मुकेश कुमार राठौर ने कांग्रेस के सभी कार्यकर्ताओं से आव्हान किया है कि सभी कार्यकर्ताओं को आगे आना होगा।

स्वच्छता के लिए आगे आई नारी शक्ति

स्वच्छता दौड़ में हुई शामिल, शिवरीनारायण में दिया स्वच्छता का संदेश

जांजगीर-चांपा। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आज शिवरीनारायण में स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित नारी शक्ति स्वच्छता दौड़ में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर स्वच्छता का संदेश दिया। कार्यक्रम में स्व सहायता समूह की महिलाएं, छात्राएं, महिला स्वच्छता कर्मी एवं स्वच्छता सखियों सहित बड़ी संख्या में महिलाओं ने भागीदारी निभाई। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह नगर पंचायत परिसर से हुई। स्वच्छता दौड़ नटराज चौक, बॉम्बे मार्केट और थाना चौक होते हुए मध्यनगरी चौक तक आयोजित की गई। इस दौरान कलेक्टर श्री जन्मेजय महोबे, नगर पंचायत अध्यक्ष श्री राहुल थवाइत, जनप्रतिनिधियों, अधिकारी कर्मचारियों, महिलाओं, सहित नागरिकों ने मार्ग में पड़े कचरे का संग्रह किया और स्वच्छता का संदेश दिया। महिलाओं ने मार्ग में चिन्हित स्थानों पर सफाई कर कचरा एकत्रित किया तथा दुकानदारों और नागरिकों से प्लास्टिक बैग का उपयोग न करने और डस्टबिन का उपयोग करने की अपील की।

कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता से जुड़े कार्यों में सक्रिय महिला स्वच्छता कर्मियों, स्वच्छता सखियों तथा प्लास्टिक मुक्त पहल अपनाने वाले दुकानदारों को सम्मानित किया गया। कलेक्टर श्री महोबे ने शहर को स्वच्छ और प्लास्टिक मुक्त बनाने का संकल्प दिलाया। साथ ही कार्यक्रम स्थल पर लगाए गए डेमो स्टॉल के माध्यम से नागरिकों को घर से निकलने वाले गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग करने के बारे में जानकारी भी दी गई। साथ ही शिवरीनारायण में नागरिकों की सुविधा के लिए स्वच्छता से जुड़ी शिकायतों एवं समस्याओं के समाधान हेतु हेल्पलाइन नंबर 9340236903 जारी किया गया है। अब नागरिक कचरा उठाव, गंदगी, नाली जाम या अन्य स्वच्छता संबंधी समस्याओं की जानकारी इस नंबर पर देकर शिकायत दर्ज करा सकते हैं, जिनका त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा।

कलेक्टर ने कहा कि नारी शक्ति अपनी मेहनत के बल पर सम्मान प्राप्त करती है। आज समाज में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि शिवरीनारायण जैसे पवित्र और धार्मिक महत्व वाले नगर को स्वच्छता के क्षेत्र में एक आदर्श स्थान दिलाना हमारा सामूहिक लक्ष्य होना चाहिए। स्वच्छता से बढ़कर कोई सेवा नहीं हो सकती। हम सभी को मिलकर स्वच्छता अभियान को जन-आंदोलन के रूप में आगे बढ़ाना है। कलेक्टर ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि जिस तरह हम अपने घर को साफ-सुथरा रखते हैं, उसी तरह अपने शहर को भी स्वच्छ बनाए रखना हमारी जिम्मेदारी है। प्रत्येक घर में गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग रखने की व्यवस्था की जानी चाहिए। नगर पालिका द्वारा इस कचरे का नियमित रूप से संग्रहण कर उसका उचित निस्तारण किया जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि सड़कों, गलियों और घाटों पर कचरा न फैलाया जाए। उन्होंने सफाई कर्मियों को स्वच्छता सैनिक की संज्ञा देते हुए कहा कि समाज में उनके योगदान का सम्मान होना चाहिए। जब वे घर-घर कचरा लेने आएं तो नागरिक उनका सम्मान करें और उन्हें धन्यवाद दें। उन्होंने नागरिकों से प्लास्टिक के उपयोग को कम करने की अपील करते हुए कहा कि प्लास्टिक बैग के स्थान पर कपड़े के थैले का उपयोग किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि स्वच्छता हम सभी नागरिकों की साझा जिम्मेदारी है। यदि हम सब मिलकर प्रयास करें तो शिवरीनारायण को स्वच्छता के क्षेत्र में नई पहचान दिलाई जा सकती है। इस इस दौरान पार्षदगण, जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, स्वच्छताकर्मी एवं बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थे।

केरा रोड पर शाम होते ही मवेशियों का जमावड़ा

जांजगीर। शहर के केरा रोड पर शाम होते ही मवेशियों का जमावड़ा लगना आम बात हो गई है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मवेशियों के सड़क के बीचों-बीच बैठ जाने से यातायात प्रभावित होता है। खासकर दफ्तर और बाजार से लौटने वाले लोगों को भारी दिक्कत होती है। इसी मार्ग में कॉलेज संचालित होने से रोजाना बड़ी संख्या में विद्यार्थी आवागमन करते हैं, जिन्हें भी परेशानी हो रही है। शाम के समय यह समस्या और बढ़ जाती है, क्योंकि आसपास के इलाकों से मवेशी सड़क पर आकर बैठ जाते हैं।

नरियरा में 3 दिवसीय कीर्तन भजन समारोह 15 से 17 तक

जांजगीर। नगर पंचायत नरियरा में जय बजरंगबली कीर्तन मंडली द्वारा 15 मार्च से 17 मार्च तक तीन दिवसीय कीर्तन भजन समारोह का आयोजन बजरंगबली मंदिर परिसर में किया जा रहा है। समारोह का शुभारंभ सुबह प्रभात फेरी से होता है। यह धार्मिक कार्यक्रम लगभग 100 वर्षों से अनवरत जारी है। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए समिति का गठन किया गया है, जिसमें संरक्षक बुद्धू साव, राजकुमार साव, नरोत्तम साहू, कृष्ण कुमार निर्मलकर, जनक साहू, लल्लू यादव, सत्यवान साहू, अध्यक्ष शिशुपाल, खोलबहरा निर्मलकर, कोषाध्यक्ष दुर्गा प्रसाद पटेल, उपकोषाध्यक्ष राम रतन पटेल, सचिन रामलाल राठौर, पंचराम पटेल और सलाहकार अनिरुद्ध शरण सिंह, वीर नारायण अग्रवाल, सनत कुमार साव, नंदलाल पटेल शामिल हैं।

सरपंच को धमकी देने वाला उप सरपंच गिरफ्तार

जांजगीर-चांपा। जिले के ग्राम लच्छनपुर में पंचायत बैठक के दौरान सरपंच गेंदराम कुर्रे को जान से मारने की धमकी देने के आरोप में उप सरपंच रामगोपाल साहू को गिरफ्तार किया गया है। आजाक थाना जांजगीर में मामला दर्ज होने के बाद सोमवार को आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। सरपंच गेंदराम कुर्रे ने आजाक थाना जांजगीर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के अनुसार, 24 फरवरी को पंचायत भवन में एक बैठक आयोजित की गई थी। इस बैठक में उप सरपंच रामगोपाल साहू, पंच सदस्य और ग्रामीण उपस्थित थे। बैठक में गांव के विकास कार्यों पर चर्चा चल रही थी। इसी दौरान उप सरपंच रामगोपाल साहू ने बिना किसी कारण विवाद शुरू कर दिया। उपस्थित लोगों ने उन्हें समझाने का प्रयास किया, लेकिन उन्होंने अश्लील गालियां दीं और धमकी देते हुए कहा कि वह पंचायत के नाम पर अवैध वसूली करेगा और अगर किसी में दम है तो उसे रोक ले। जब सरपंच गेंदराम कुर्रे ने उन्हें गाली-गलौज करने से रोका, तो उप सरपंच ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी।

स्वीपर पद पर भर्ती हेतु पात्र-अपात्र सूची जारी

जांजगीर-चांपा। कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, जांजगीर-चांपा (छ0ग0) के जिला स्थापना में रिक्त पदों के विरुद्ध आकस्मिक निधि (कलेक्टर दर) पर वेतन पाने वाले कर्मचारी स्वीपर के कुल 03 रिक्त पदों के लिए प्राप्त आवेदन पत्रों के आधार पर पात्र एवं अपात्र अभ्यर्थियों की सूची जारी कर दी गई है। सूची का अवलोकन अभ्यर्थी जिला न्यायालय जांजगीर-चांपा की वेबसाइट https://janjgir.dcourts.gov.in?? पर कर सकते हैं। इसके अलावा कार्यालयीन समय में जिला न्यायालय के नोटिस बोर्ड में भी सूची देखी जा सकती है।

रवि की पहल से मिली सहायता, अब होगा पीड़ित का उपचार

जांजगीर। भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता व समाजसेवी रवि पाण्डेय के प्रयासों से जांजगीर के 24 वर्षीय अमित राठौर को अप्लास्टिक एनीमिया नामक गंभीर बीमारी के इलाज के लिए मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना से 12.50 लाख की स्वीकृति मिली है।

राशि स्वीकृति के बाद अमित का इलाज रायपुर के संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल यूनिट-2 में शुरू हो गया। अमित अपनी माता पुष्पलता राठौर के साथ जांजगीर में रहता है। पिता के निधन के बाद आर्थिक स्थिति कमजोर रहने के बावजूद अमित निजी व्यापार में काम करके जीवन यापन कर रहा था। इसी बीच उसकी तबीयत बिगड़ने पर जांच में पता चला कि उसे अप्लास्टिक एनीमिया है। बीमारी का इलाज बोन मैरो ट्रांसप्लांट या एटीजी इंजेक्शन से संभव है, लेकिन इलाज की लागत परिवार के लिए बहुत अधिक थी। मां ने अपनी चिंता भाजपा नेता रवि पाण्डेय से साझा की। पाण्डेय ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से निवेदन किया और प्रक्रिया को तेज करने के लिए अस्पताल और रायपुर स्थित आयुष्मान भारत कार्यालय में भी पहल की। इसके बाद मुख्यमंत्री ने 12.50 लाख रुपए की राशि की स्वीकृति दी। अमित की मां ने दूरभाष से इंजीनियर पाण्डेय का आभार व्यक्त किया। पाण्डेय ने कहा मुख्यमंत्री की संवेदनशीलता और अमित के भाग्य से ही यह संभव हो पाया है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि आगे भी साय सरकार जरूरतमंदों की मदद करती रहेगी। इससे पहले भी कई जरूरतमंदों के लिए पाण्डेय के प्रयासों से राहत मिली है।

कलेक्टर ने जनदर्शन में संवेदनशीलता पूर्वक सुनी नागरिकों की समस्याएं

जांजगीर-चांपा। कलेक्टर श्री जन्मेजय महोबे ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के विभिन्न स्थानों से आए जनसामान्य की शिकायत एवं समस्याओं को संवेदनशीलता पूर्वक सुनी। कलेक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने नागरिकों की समस्याओं का निराकरण करते हुए उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने कहा। जनदर्शन में कुल 74 आवेदन प्राप्त हुए है।

जनदर्शन में तहसील अकलतरा के ग्राम पंचायत परसाही निवासी रामलाल यादव द्वारा राजस्व रिकार्ड में त्रुटि सुधार करवाने, तहसील चांपा के ग्राम कमरीद निवासी अनुपरेखा सूर्यवंशी द्वारा राशन कार्ड बनवाने, तहसील बम्हनीडीह के ग्राम कनकपुर निवासी श्रीमती सोनी बाई निवासी द्वारा सेवाभूति में खसरा नंबर दुरूस्त करने, तहसील चांपा के ग्राम बिर्रा निवासी श्री पवन कुमार जांगड़े द्वारा दिव्यांग पेंशन व ट्राईसायकल दिलाने, तहसील जांजगीर के ग्राम पंचायत पुटपुरा निवासी श्रीमती माधुरी राठौर द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, तहसील पामगढ़ के ग्राम कुथुर निवासी श्रीमती बृहस्पति बाई द्वारा नया मीटर लगवाने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया गया। कलेक्टर ने जनदर्शन में प्राप्त सभी आवेदनों का प्राथमिकता के साथ निराकरण के लिए निर्देश दिए।

आंगनबाड़ी सहायिका पद पर भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित

जांजगीर-चांपा। एकीकृत बाल विकास परियोजना नवागढ़ अंतर्गत आंगनबाड़ी वार्ड कमांक 07 (शिवरीनारायण) में आंगनबाड़ी सहायिका के पद रिक्त होने के कारण उक्त पद पर भर्ती करने हेतु 24 मार्च 2026 तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना नवागढ़ ने बताया कि इस हेतु ऑनलाईन वेबसाईट https://aww.e-kharti.in में जाकर अनिवार्य दस्तावेजों की फाइल डाउनलोड न करने की स्थिति में आवेदन स्वीकृत नहीं किये जाएगें। अधिक जानकारी के लिये कार्यालय एकीकृत बाल विकास परियोजना नवागढ़ से संपर्क किया जा सकता है।

शिकसा में निरंतर कार्यक्रम आयोजित हो रहा है:डीईओ द्विवेदी

जांजगीर। शिक्षक कला व साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर श्रीमती कुमुदिनी द्विवेदी जिला शिक्षा अधिकारी शक्ति के मुख्य आतिथ्य में नारी प्रतिभा सम्मान आयोजित हुआ।सरस्वती वंदना श्रीमती तारा बन्छोर प्रधान पाठक, राजगीत श्रीमती हेमा चन्द्रवंशी प्रधान पाठक,स्वागत गीत श्रीमती किरण शर्मा व्याख्याता ने प्रस्तुत किया।आज नारी हर क्षेत्र में प्रतिभा के दौर में आगे आ रही है।नारी का सम्मान जहाँ हो वहां संस्कार बसता है।शिक्षक कला व साहित्य अकादमी द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम प्रशंसनीय है शिकसा द्वारा निरंतर कार्यक्रमों का आयोजन होते रहता है,जिसमें संयोजक सहित सभी पदाधिकारियों की मेहनत तारीफ योग्य है। उक्त उद्गार मुख्य अतिथि की आसंदी से डीईओ द्विवेदी ने व्यक्त की। कार्यक्रम का सफल संचालन श्रीमती मधु कारकेल जिला महासचिव महिला प्रकोष्ठ जांजगीर ने किया।कार्यक्रम को संस्थापक संयोजक डॉ.शिवनारायण देवांगन आस,प्रदेश महासचिव एवं कार्यक्रम संयोजक डॉ .बोधीराम साहू,प्रदेश संगठन मंत्री राधेश्याम कंवर,कार्यक्रम प्रभारी विजय प्रधान, शक्ति जिलाध्यक्ष राघवेंद्र राठौर, मोहित शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा नारी शक्ति को सम्मानित करते हुए हर्ष का अनुभव हो रहा है।इस दौरान विविध क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले नारी शक्तियों को नारी प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया गया। डॉ.ज्योति किरण, श्रीमती सुनीता चौधरी, श्रीमती दुर्गा पाठक,श्रीमती विंध्यवासिनी पांडेय,श्रीमती सती मरकाम , श्रीमती सावित्री शराफ, श्रीमती शशिकला पाण्डेय, श्रीमती रेखा पात्रे , डॉ.ज्योति सक्सेना नवाचारी शिक्षिका,सुश्री पुष्पांजलि ठाकुर ,श्रीमती नैना साहनी, श्रीमती शकुंतला बंजारे, श्रीमती सरिता गुप्ता,प्रियंका सिन्हा सहित शिक्षिकाओं ने कार्यक्रम में प्रस्तुति दी व नारी प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया गया।

महिला ने दी जान, ब्लैकमेल करने वाला युवक गिरफ्तार

रायगढ़। सेमीजोर की 26 वर्षीय महिला ने 6 फरवरी को घर की रसोई में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। तमनार पुलिस ने मर्ग दर्ज कर सुसाइड नोट व मोबाइल ऑडियो बरामद किया। ऑडियो से ग्रामवासी महेंद्र गुप्ता (31) द्वारा महिला को ब्लैकमेलिंग का खुलासा हुआ। उसके पास महिला व युवक की बातचीत रिकॉर्डिंग थी, जिसे सार्वजनिक करने की धमकी देकर गलत कामों के लिए दबाव डाल रहा था। तंग आकर महिला ने कदम उठाया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

कोटवार रथराम गोंड प्रकरण का दंडाधिकारी जांच के दिए आदेश

सक्ती। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री अमृत विकास तोपनो ने ग्राम गोरखापाली में कोटवार रथराम गोंड पर हुए प्राणघातक हमले के प्रकरण में दंडाधिकारी जांच के आदेश जारी किए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक सक्ती के पत्र के आधार पर थाना मालखरौदा, तहसील अड़भार अंतर्गत ग्राम गोरखापाली में दिनांक 04 मार्च 2026 को सुबह प्रार्थी सनत पटेल अपने खेत के डबरी तालाब के पास लगभग 11 बजे पहुंचे थे। उस समय गांव के आनंद राम कुर्रे तथा कोटवार रथराम गोंड भी वहां मौजूद थे। बताया गया है कि उसी गांव के सुखदेव कुर्रे, अरुण कुर्रे एवं कमलेश कुर्रे हाथ में लकड़ी की बल्लियां और कांड लेकर वहां पहुंचे और पुरानी रंजिश की बात को लेकर गाली-गलौज करते हुए कोटवार रथराम गोंड के सिर पर प्राणघातक हमला कर दिया। बीच-बचाव करने पहुंचे प्रार्थी के सामने ही सुखदेव कुर्रे ने बल्लियों से मारपीट की, जिससे कोटवार रथराम गोंड के सिर एवं आएं पैर में गंभीर चोटें आईं और वे बेहोश हो गए। घटना की जानकारी मिलने पर ग्रामीणों की मदद से घायल कोटवार रथराम गोंड को जिला अस्पताल सक्ती में भर्ती कराया गया। प्रारंभिक उपचार के बाद उन्हें शासकीय चिकित्सालय जांजगीर भेजा गया तथा बेहतर उपचार के लिए बाद में बिलासपुर अस्पताल रेफर किया गया। इस संबंध में थाना मालखरौदा में दिनांक 04 मार्च 2026 को अपराध क्रमांक 92/2006 भारतीय न्याय संहिता की धारा 296, 351(3), 115(2), 109(1), 3(5) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की जा रही है।

नल जल योजना का काम पंतोरा में हुआ बेपटरी, अब पीएचई करेगा जांच

जांजगीर। जिले के बलौदा विकासखंड अंतर्गत पंतोरा में जल जीवन मिशन के तहत चल रहा नल-जल योजना का कार्य पिछले लगभग तीन वर्षों से ठप पड़ा है। गांव की मुख्य बस्ती में पाइपलाइन बिछाने का काम अधूरा होने से किसी भी ग्रामीण को योजना के तहत पानी नहीं मिला है। ग्रामीणों ने फिर कलेक्टर के साप्ताहिक जनदर्शन में आवेदन देकर कार्य शीघ्र पूरा कराने की मांग की है।

मंगलवार को आयोजित जनदर्शन में ग्राम पंतोरा के ग्रामीणों ने बताया कि नल-जल योजना का काम लंबे समय से बंद पड़ा हुआ है। पाइपलाइन बिछाने और अन्य जरूरी कार्य अधूरे होने के कारण योजना का लाभ गांव तक नहीं पहुंच पाया है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने करीब एक वर्ष पहले भी कलेक्टर जनदर्शन में इस संबंध में आवेदन दिया था, लेकिन उस समय केवल कागजी कार्रवाई हुई और जमीनी स्तर पर कोई ठोस कार्य नहीं हुआ। जनदर्शन में आवेदन मिलने के बाद कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) विभाग के अधिकारियों को तत्काल मौके पर जाकर स्थिति का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि तीन साल से योजना का कार्य अधूरा पड़ा है और ग्रामीण इसके लाभ से वंचित हैं, इसलिए जल्द से जल्द शेष कार्य पूरा कराया जाए। कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याएं भी संवेदनशीलतापूर्वक सुनीं।

जनदर्शन में 74 आवेदन जनदर्शन में कुल 74 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें अकलतरा तहसील के परसाही निवासी रामलाल यादव द्वारा राजस्व रिकॉर्ड में त्रुटि सुधार, चांपा तहसील के ग्राम कमरीद निवासी अनुपरेखा सूर्यवंशी द्वारा राशन कार्ड बनवाने, बम्हनीडीह तहसील के ग्राम कनकपुर निवासी सोनी बाई द्वारा खसरा नंबर दुरुस्त कराने, चांपा तहसील के ग्राम बिर्रा निवासी पवन कुमार जांगड़े द्वारा दिव्यांग पेंशन व ट्राइसाइकिल दिलाने, जांजगीर तहसील के ग्राम पुटपुरा निवासी माधुरी राठौर द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने तथा पामगढ़ तहसील के ग्राम कुथुर निवासी बृहस्पति बाई द्वारा नया बिजली मीटर लगवाने संबंधी आवेदन शामिल रहे।

नवपदस्थ सीएमओ विष्णु प्रसाद ने पदभार ग्रहण किया

बलौदा। नगर पंचायत बलौदा में नवपदस्थ सीएमओ विष्णु प्रसाद गरवाल ने मंगलवार को पदभार ग्रहण किया। वे बेमेतरा से तबादला होकर बलौदा पहुंचे हैं। ज्ञात हो कि नगर पंचायत बलौदा में पदस्थ सीएमओ हरदयाल रात्रे का दो माह पहले स्वास्थ्य खराब होने के बाद आकस्मिक निधन हो गया था। उनकी जगह नरियरा सीएमओ आरपी नेताम को प्रभारी सीएमओ की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। पदभार ग्रहण करने के बाद सीएमओ विष्णु प्रसाद ने कहा कि उनकी प्राथमिकता नगर की सफाई व्यवस्था को मजबूत करना, हितग्राही मूलक योजनाओं को गति देना और लाइट व्यवस्था में सुधार करना रहेगा। उन्होंने कहा कि नगर की बुनियादी जरूरतों को योजनाबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा।

NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, PRAKASH CHANDRA AGRAWAL S/O BAJRANG LAL AGRAWAL, Resident of H.N. 17, WARD 09, SUBHASH CHOWK, CHAMPA, DISTT. JANJGIR-CHAMPA C.G. have changed my old name PRAKASH AGRAWAL S/O BAJRANG LAL AGRAWAL, so in future I should be recognized by my new name that is PRAKASH CHANDRA AGRAWAL S/O BAJRANG LAL AGRAWAL in all Government and other documents

PRAKASH CHANDRA AGRAWAL
H.N. 17, WARD 09, SUBHASH CHOWK, CHAMPA, DISTT. JANJGIR-CHAMPA, C.G.

जनभागीदारी से जल संचय को बढ़ावा मिलेगा गांव में

जांजगीर-चांपा। कलेक्टर के निर्देशन एवं जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल रावटे के मार्गदर्शन में जिले में जल संरक्षण को जन-आंदोलन बनाने के उद्देश्य से 1 मार्च से मोर गांव - मोर पानी अभियान के अंतर्गत लगातार जल संचय जनभागीदारी अभियान चलाया जा रहा है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर इस अभियान को वृहद रूप देते हुए जिले के गांव-गांव में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए जल संरक्षण की शपथ ली गई और अपने गांवों में जल संचयन संरचनाओं के निर्माण में सक्रिय सहभागिता निभाई गई।

अभियान के तहत जनभागीदारी से सोक पिट (सोखता गड्ढा) एवं रेनवॉटर हार्वेस्टिंग संरचनाओं का निर्माण तेजी से किया जा रहा है, ताकि वर्षा जल का अधिकतम संचयन कर भू-जल स्तर को बढ़ाया जा सके। जिला प्रशासन द्वारा ग्रामीणों को रिचार्ज पिट, सोखता गड्ढा और वर्षा जल संचयन के महत्व के बारे में जागरूक किया जा रहा है। कलेक्टर श्री जन्मेजय महोबे ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि मोर गांव - मोर पानी अभियान का उद्देश्य प्रत्येक गांव में जल संरक्षण की मजबूत व्यवस्था तैयार करना है। यदि हर घर में रिचार्ज पिट और सोखता गड्ढा बनाए जाएं तो वर्षा जल का संरक्षण कर भविष्य में जल संकट से बचा जा सकता है। जिला प्रशासन द्वारा ग्राम पंचायतों, स्वयं सहायता समूहों, आंगनबाड़ी केंद्रों एवं शैक्षणिक संस्थानों के माध्यम से रैली, जनजागरूकता अभियान, कार्यशालाएं और दीवार लेखन जैसे कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। अभियान के तहत गांव-गांव में सोक पिट निर्माण का कार्य किया जा रहा है। जिले में अब तक 18,032 सोक पिट का निर्माण पूर्ण किया जा चुका है तथा 10,974 निर्माणाधीन हैं। जिसमें जनपद पंचायत अकलतरा में 10042 पूर्ण व 2022 प्रगतिरत, बलौदा में 2840 पूर्ण व 2075 प्रगतिरत, बम्हनीडीह में 2638 पूर्ण व 2665 प्रगतिरत, नवागढ़ में 567 पूर्ण व 2194 प्रगतिरत तथा पामगढ़ में 1945 पूर्ण व 2018 प्रगतिरत सोक पिट निर्माण कार्य जारी है। इसी प्रकार अब तक 190 रेन वॉटर हार्वेस्टिंग संरचनाओं का निर्माण पूर्ण किया जा चुका है, जबकि 436 संरचनाएं प्रगतिरत हैं। जिसमें जनपद पंचायत अकलतरा में 95 पूर्ण व 135 प्रगतिरत, बम्हनीडीह में 25 पूर्ण व 36 प्रगतिरत, नवागढ़ में 12 पूर्ण व 113 प्रगतिरत तथा पामगढ़ में 58 पूर्ण व 152 प्रगतिरत रेन वॉटर हार्वेस्टिंग संरचनाओं का निर्माण किया जा रहा है।

नौनिहालों ने उत्साह से मनाया ग्रेजुएशन डे

जांजगीर। गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल जांजगीर में केजी-2 के विद्यार्थियों का ग्रेजुएशन डे आयोजित किया गया। विद्यालय परिसर को रंग-बिरंगी सजावट से आकर्षक बनाया गया था और बच्चों एवं अभिभावकों में उत्साह देखा गया। कार्यक्रम शुरुआत में नन्हे- मुन्ने विद्यार्थियों ने स्वागत गीत, नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया।

समारोह का मुख्य आकर्षण केजी-2 के विद्यार्थियों को ग्रेजुएशन सर्टिफिकेट प्रदान करना रहा। प्राचार्य संतोष कुमार शर्मा और प्रशासक विपिन गुप्ता ने बच्चों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्राचार्य संतोष कुमार शर्मा ने कहा कि यह बच्चों के जीवन की पहली महत्वपूर्ण उपलब्धि है। विद्यालय में बच्चों को केवल पढ़ाई ही नहीं, बल्कि अनुशासन, संस्कार और आत्मविश्वास भी सिखाया जाता है। उन्होंने शिक्षकों और अभिभावकों का धन्यवाद किया और बच्चों को हमेशा सीखते रहने की प्रेरणा दी।

प्रशासक विपिन गुप्ता ने कहा कि यह समारोह बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की शुरुआत का प्रतीक है। बच्चों की उपलब्धि उनके माता-पिता और शिक्षकों के समर्पण का परिणाम है। शिक्षिका नेहा अग्रवाल ने बताया कि बच्चों का संपूर्ण व्यक्तित्व विकसित करना विद्यालय का उद्देश्य है। खेल, संगीत, कला और नैतिक शिक्षा के माध्यम से बच्चों को आत्मविश्वासी और जिम्मेदार नागरिक बनाने का प्रयास किया जाता है। कार्यक्रम का मंच संचालन प्रगति ए. और सुयश मिश्रा ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन नेहा अग्रवाल ने किया।

अनमोल वचन......

जिंदगी हमें सिखाती है कि अगर शांति चाहिए तो दूसरों की शिकायत करने से बेहतर है खुद को बदल लो।

मुकदमे की कार्यवाही

हालिया न्यायिक निर्णयों ने इस धारणा की पुष्टि की है कि सरकारी एजेंसियों का राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ दुर्भावनापूर्ण इस्तेमाल हुआ। जिन साक्ष्यों के आधार पर अभियोग दर्ज हुए, उनका सख्त न्यायिक परीक्षण हुआ, तो अधिकांश मामलों में वे टिक नहीं पाए।

कथित शराब घोटाले में दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और 23 अन्य अभियुक्तों के खिलाफ मामला खारिज करते हुए जज ने जो टिप्पणियां कीं, उन पर गौर करने के बाद शायद ही किसी के मन शक बचे कि ये पूरा मामला बदनीयती से गढ़ा गया था। उसके एक दिन पहले पंचकूला से जुड़े नेशनल हेराल्ड मामले में भी ऐसा ही बड़ा फैसला आया। पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड और हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपिंदर सिंह हुड्डा को क्लीन चिट दे दी। मामला पंचकूला में संस्थागत प्लॉट के दोबारा आवंटन से जुड़ा था। कोर्ट ने कहा कि हरियाणा अर्बन डेवलपमेंट अथॉरिटी ने 2006 में इस निर्णय को विधिवत मंजूरी दी थी, इसलिए मामले में अनियमितता के सारे इल्जाम बेबुनियाद हैं।

उसके पहले बीते दिसंबर में नेशनल हेराल्ड मामले में ही दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय की मनी लॉन्ड्रिंग चार्जशीट पर संज्ञान लेने से इनकार कर दिया था। इन घटनाओं ने इस आम धारणा की पुष्टि की है कि नरेंद्र मोदी सरकार के दौर में सरकारी एजेंसियों का राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ दुर्भावनापूर्ण इस्तेमाल हुआ है। एजेंसियों ने जिन कथित साक्ष्यों के आधार पर अभियोग दर्ज किए, उनका जब सख्त न्यायिक परीक्षण हुआ, तो अधिकांश मामलों में वे टिक नहीं पाए। इसलिए यह अनिवार्य हो गया है कि ऐसे सारे मामलों में मुकदमे की कार्यवाही प्राथमिकता के आधार पर चलाई जाए, ताकि दूध का दूध और पानी का पानी हो सके। किसी भी व्यक्ति पर सालों साल मुकदमों का साया डाले रखना या अभियुक्तों को जेल में रखना (जैसाकि दिल्ली दंगों और भीमा कोरेगांव जैसे मामलों हुआ है) किसी रूप में उचित नहीं है। इससे भारत में प्रक्रिया ही दंड है- जैसी दुर्भाग्यपूर्ण धारणा लोगों के मन में गहराती चली गई है। सर्वोच्च न्यायपालिका ने जमानत जैसे बुनियादी तकाजे के बारे में भी तत्परता ना दिखाकर ऐसी धारणा को मजबूत किया है। नतीजतन, आपराधिक न्याय व्यवस्था के प्रति लोगों के मन में सवाल उठ रहे हैं। अतः सुप्रीम कोर्ट के लिए उचित होगा कि वह राजनीतिक प्रकृति के तमाम संदिग्ध मामलों में जल्द सुनवाई सुनिश्चित कराए।

राशिफल

मेष राशि : आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज आपका पूरा ध्यान अपने कार्य में सुधार करने में रहेगा। आज बच्चे आपने माता पिता का ज्यादा ध्यान रखेंगे और बात भी मानेंगे। उधार दिया हुआ पैसा वापस मिलेगा। बिजनेस में बड़ी सफलता हाथ लग सकती है। आज आप कुछ नया काम स्टार्ट करने की सोच सकते है, लेकिन शुरू करने से पहले अपनों से बड़ों की सलाह जरूर ले लें।

वृष राशि : आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज इस बात का खास ख्याल रखें की दूसरों से तभी दोस्ती करें और अपनी बाते शेयर करें जब उसके बारे में पूरी जानकारी कर लें और उसे भली-भांति समझ लें। आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। पिता आपके बिजनेस में आपका सहयोग करेंगे।

मिथुन राशि : आज का दिन खुशियां लेकर आया है। अपनी सकारात्मक सोच को सार्थक कामों में लगायेंगे तो आपकी रचनात्मक प्रतिभा सबके सामने खुलकर आएगी, लोगों के बीच आपका सम्मान बढ़ जायेगा। आज घर पर किसी चीज की मरम्मत करानी पड़ेगी। महिलाओं को घर के कार्यों से राहत मिलेगी। आज का आर्थिक पक्ष अच्छा रहेगा। शाम का समय भाई बहनों के साथ हंसी-मजाक में बीतेगा।

कर्क राशि : आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज कार्यक्षेत्र में आपके सहकर्मी और सीनियर आपकी परफॉरमेंस से खुश रहेंगे और आपकी तारीफ करेंगे। आज काम के हिसाब से फल मिलेंगे। जिस बड़े लक्ष्य को पूरा करने की इच्छा है, उससे संबंधित रास्ता मिलेगा। समय का सही इस्तेमाल करके काम पूरा करें। आज सभी जरूरी काम आसानी से पूरा कर लेंगे।

सिंह राशि : आज का दिन आपके जीवन में खुशियाँ लेकर आया है। आज बच्चों को करियर के मामले में बड़ी खुशखबरी मिलेगी। अपने से बड़ों की बातें ग़ौर से सुनें, भविष्य में आपके लिए फायदेमंद रहेगी। युवाओं को बढ़िया नौकरी मिलने की संभावना बन रही है। कारोबार में तरक्की के अवसर प्राप्त होंगे। जो लोग राजनीति से जुड़े हुए हैं उन्हे पुराने किये गये कार्यों में वाह-वाही मिलेगी।

कन्या राशि : आज का दिन फायदेमंद साबित होने वाला है। आज आपको पहले किये गये छोटे-मोटे कार्यों से भी पॉजिटिव रिजल्ट मिलेगा। सफलतायें छोटी ही सही लेकिन निरंतर बनी रहेंगी इससे आपका सकारात्मक विचार बनेगा।

तुला राशि : आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज ऑफिस में सहयोगी आपके विचारों से प्रभावित होंगे, लेकिन दूसरों के कामों में दखल देने से आपको बचना चाहिए। आज अपने काम को आसान तरीके से करने का रास्ता निकाल लेंगे। नई योजना पर काम शुरू हो सकता है। परिवार की जिम्मेदारी सही तरीके से निभाएंगे, जिससे प्रसन्नता बनी रहेगी। पैसों से संबंधित चिंता दूर होगी।

वृश्चिक राशि : आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपका रुका काम पूरा होने से मानसिक शांति मिलेगी। आप काम करने के नए तरीकों पर विचार करेंगे। आज आपको रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। आज आपकी इच्छा शक्ति मजबूत बनी रहेगी। आज आपको अपने अन्दर इगो लेन से बचना होगा। जो बातें आपको बेहतर बनाती हैं, केवल उन पर ध्यान दें और सकारात्मक सोच रखें।

धनु राशि : आज का दिन बढ़िया रहने वाला है। करीयर को बढ़ाने मे किये गये प्रयासों के चलते लाभ होगा। आज अपने प्रिय व्यक्ति की निकटता से आपको खुशी होगी। आज आपकी अच्छी छवि निखर कर लोगों के सामने आयेगी। संतान की सफलता के कारण, घर में खुशी का माहौल बना रहेगा। शाम को जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बीतेगा।

मकर राशि : आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज आपकी आर्थिक स्थित मजबूत बनी रहेगी, आप सामान की खरीददारी करने मार्केट जा सकते हैं। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों का समय अनुकूल है, मेहनत के अच्छे परिणाम आपको हासिल होंगे। आज शाम को किसी मित्र की बर्थडे पार्टी में जायेंगे जहां आपके अन्य दोस्त भी होंगे। ऑफिस में किसी काम को लेकर विचार-विमर्श करना पड़ सकता है, शत्रु पक्ष आपकी योजनाओं से प्रभावित होंगे।

कुंभ राशि : आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। आज रुका हुआ धन वापस मिलेगा, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति और मजबूत होगी। आज आप समाजिक कार्यों में सहयोग देने की सोचेंगे। आज परिस्थितियों को ठीक से देखेंगे तो हर एक समस्या को हल कर पाएंगे।

मीन राशि : आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। अचानक हुए धन लाभ से आज अपनी जरूरत का सामान खरीदेंगे। दांपत्य जीवन में और मधुरता आएगी। आज नकारात्मक विचारों को दूर करके खुद में सुधार करेंगे। आज गुस्से को नियंत्रित करने की कोशिश करें। आज आपको काम की जगह नए अवसर मिलेंगे।

साधु संत भी राजनीतिक लाइन पर बंटे

//अजीत द्विवेदी//

उत्तर प्रदेश में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानमंद के साथ जो हो रहा है वह भारतीय समाज के अंदर पल रही एक बड़ी बीमारी का लक्षण है। वह बीमारी धार्मिक और सामाजिक विभाजन की है, जिसे राजनीतिक लाभ के लिए बढ़ाया जा रहा है। यह पहली बार हो रहा है कि देश और समाज इस कदर निभाजित हुआ है। पहले समाज के स्तर पर विभाजन चुनावों के समय दिखते थे। हालांकि वह भी बहुत सीमित होता था। लेकिन आज स्थायी रूप से एक विभाजन दिखता है और दुर्भाग्य की बात यह है कि नेताओं के साथ साथ धर्मगुरु, आध्यामिक कार्यों में लगे लोग और साधारण से लेकर शंकराचार्य के स्तर तक साधु संत भी राजनीतिक लाइन पर बंटे हुए हैं।

लोग साधु, योगी और कथावाचक की जाति खोज ले रहे हैं और फिर उस आधार पर उसके समर्थन या विरोध में खड़े हो जाते हैं। लेकिन यह किसी स्वाभाविक प्रक्रिया के तहत नहीं हो रहा है। केंद्र की मौजूदा सरकार और सत्तारूढ़ पार्टी राजनीतिक लाभ के लिए सुनियोजित तरीके से इस विभाजन को बढ़ा रही है। शंकराचार्य का मामला और यूजीसी की नियमावली इसके दो ताजा संकेत हैं।

बहरहाल, यह दुर्भाग्य है कि एक राष्ट्र के रूप में भारत और इसके 140 करोड़ लोगों के नैतिक, धार्मिक या आध्यात्मिक उत्थान के लिए काम करने वाले साधु या संत या धर्मगुरू खोजने से नहीं मिलेंगे लेकिन नफरत फैलाते साधु संत चारों तरफ मिल जाएंगे। इतिहास में कभी भी भारत की आध्यात्मिक परंपरा ऐसी नहीं रही थी। ईसाई धर्मगुरू भड़काऊ बातें करते थे और झूठे सच्चे वादे करके धर्म परिवर्तन कराते थे या इस्लाम के प्रचारक मौलाना आदि भड़काऊ भाषणों से लोगों को उकसाते थे, जिहाद के लिए प्रेरित करते थे लेकिन हिंदू साधु संत इस तरह के काम नहीं करते थे।

यह अंतर बहुत साफ दिखता था और ऐसा इसलिए भी है क्योंकि बुनियादी रूप से ईसाई और इस्लाम दोनों राजनीतिक धर्म हैं, जो लालच या भय से फैलाए गए हैं। महात्मा गांधी ने साम्राज्यवाद को फैलाने वाली शक्तियों के तौर पर ईसाई पादरियों और चर्च को रेखांकित किया था। उन्होंने कहा था कि पहले इनके पादरी आते हैं, फिर इनके व्यापारी आते हैं और अंत में इनकी सेना आती है। इसी तरह इस्लाम तलवार के दम पर फैलता है यह आरोप अक्सर लगते रहते हैं।

लेकिन इस तरह की बातें हिंदू धर्म को लेकर नहीं कही जाती हैं तो इसका कारण यह था कि हिंदू धर्म के शंकराचार्य हों या दूसरे साधु संत हों वे समाज सुधार के कार्यों में रहते थे या धार्मिक अनुष्ठानों और आध्यात्मिक श्रेष्ठता प्राप्त करने के उपक्रमों में रहते थे। समय के साथ साथ इसमें बड़ा बदलाव आया है। अब भारत के साधु संत खुल कर राजनीति की बातें करते हैं। पार्टियों और नेताओं का समर्थन करते हैं। पांच हजार साल की सनातन परंपरा से अलग हट कर इस या उस नेता को हिंदू धर्म के रक्षक के रूप में रेखांकित करते हैं। सामाजिक विद्वेष फैलाने वाली बातें करते हैं। जाति और धर्म को लेकर ऐसी टिप्पणियां करते हें, जैसी टिप्पणी करने से नेता भी हिचकते हैं। देश के सम्मानित माने जाने वाले साधु संत महिलाओं को लेकर ऐसी अनर्गल बातें करते हैं, जिन्हें सुन कर सिर शर्म से झुक जाता है।

आज साधु संतों का आकलन उनकी योग्यता या धार्मिक, आध्यात्मिक उपलब्धियों के आधार नहीं किया जाता है, बल्कि इस आधार पर किया जाता है कि उसके आश्रम में कितनी भीड़ जुटती है, उसके आगे पीछे कितनी गाड़ियां चलती हैं, उसके आश्रम में कौन नेता, अभिनेता या खिलाड़ी पहुंचा, उसे कैसी सुरक्षा मिली हुई है आदि आदि। अगर धर्मगुरू चार्टर्ड फ्लाइट से चलता है तो वह सर्वश्रेष्ठ मान लिया जाएगा भले उसकी बातें कितनी भी मूर्खतापूर्ण और समाज का विभाजन करने वाली क्यों न हों। यह स्थिति एक राष्ट्र और समाज के रूप में भारत को रसातल में ले जा रही है। बहरहाल, विषयांतर हो गया लेकिन प्रयागराज व माघ मेले में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद और उनके शिष्यों के साथ जो हुआ और अब जिस तरह से एक दूसरे संत के हिस्ट्रीशीटर शिष्य द्वारा उनके खिलाफ नाबालिग बच्चों के यौन शोषण के आरोप लगा कर मुकदमा दर्ज कराया गया है वह इस गंभीर व्याधि का एक लक्षण है। सबको पता है कि अविमुक्तेश्वरानंद वाचाल हैं। वे शंकराचार्य स्वरूपानंद के शिष्य हैं और अपने गुरू की तर्ज पर खूब बयानबाजी भी करते हैं। उनके बयान अक्सर भाजपा और उसकी केंद्र व राज्यों की सरकारों के खिलाफ होते हैं। उन्होंने पिछले साल के कुंभ मेले में हुई भगदड़ और उसकी मौतों को लेकर तल्ख टिप्पणी की थी। उन्होंने राज्य की भाजपा सरकार को कठघरे में खड़ा किया था। इस आधार पर उनको भाजपा विरोधी और कांग्रेस समर्थक साधु माना जाता है।

हालांकि वे कांग्रेस और दूसरी विपक्षी पार्टियों के खिलाफ भी बोलते रहते हैं। प्रयागराज में उनके साथ जो हुआ और उसके बाद से जो हो रहा है वह उनकी राजनीतिक सक्रियता से जुड़ा हुआ है। शुरुआत मौनी अमावस्या के दिन हुई, जब वे अपनी पालकी से शाही स्नान के लिए जा रहे थे और उनकी पालकी रोक दी गई है। प्रोटोकॉल का हवाला दिया गया। जब उनके शिष्यों ने आगे बढ़ने का उपक्रम किया तो बल प्रयोग करके सबको रोका गया। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के पालकी की क्षत्रप टूट गई और उनके शिष्यों को, जिनमें वेदपाठी ब्राह्मण बटुक थे, गिरा गिरा पर लातों, घूसों से पीटा गया। इसके बाद जब वे अन्न, जल त्याग कर अनशन पर बैठे तो उनको एक नोटिस भेज दिया गया कि ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य का मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित है तो वे अपने को शंकराचार्य क्यों कह रहे हैं।

सबसे पहली बात तो यह है कि मेले का प्रोटोकॉल एक बात है लेकिन धर्मगुरुओं के स्नान की परंपरा तो धर्मगुरु ही तय करते हैं। कोई भी धार्मिक परंपरा सरकार नहीं तय करती है। वह धर्मगुरू तय करते हैं। इसी तरह किस संत का पट्टाभिषेक किस रूप में हुआ है यह भी तय करना प्रशासन का काम नहीं है। देश में अनगिनत अखाड़े, मंदिर, मठ, आश्रम आदि हैं उनमें प्रधान तय करने का अपना सिस्टम है। स्वंय योगी आदित्यनाथ को उनके गुरू योगी अवैद्यनाथ ने गोरक्षापीठ का महंत नियुक्त किया।

ऐसे ही शंकराचार्य की नियुक्ति शंकराचार्य करते हैं। अविमुक्तेश्वरानंद की नियुक्ति उनके गुरू स्वरूपानंद ने की थी। इसके अलावा दूसरी परंपरा यह है कि चारों शंकराचार्य, जिसको शंकराचार्य मानेंगे वही असली होगा। चार में श्रृंगेरी और द्वारका के शंकराचार्य उनको शंकराचार्य मानते हैं, जबकि पुरी के शंकराचार्य उनके स्टैटस को लेकर खामोश थे। इस विवाद के बाद उन्होंने भी समर्थन किया है। शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट में मुकदमा शुरू होने से पहले उनका पट्टाभिषेक भी हो चुका है। हालांकि प्रशासन के सामने इस सफाई की आवश्यकता नहीं थी। यह दुर्भाग्य है कि एक साधु को इस तरह की सफाई देनी पड़ रही है। दूसरी ओर पुलिस, प्रशासन और राज्य या केंद्र की सरकार में से किसी ने उनके अनशन की सुध नहीं ली। वे अन्न जल त्याग कर अनशन पर बैठे रहे और ऐसा लग रहा है कि राज्य व केंद्र की सरकार को लगा कि इनके साथ यही बरताव होना चाहिए क्योंकि ये हमारे विरोधी है।यह राजनीतिक आधार पर साधु संतों के बंटने की अनिवार्य परिणति है। आज अगर केंद्र व उत्तर प्रदेश की सरकार के कामकाज पर सवाल उठाने की वजह से स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद प्रशासन का शिकार बनें हैं तो कल कांग्रेस की सरकार आने पर या किसी कांग्रेस शासित राज्य में उन संतों के साथ ऐसा ही हो सकता है, जो सोनिया या राहुल गंधी और कांग्रेस के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करते हैं। ऐसे संतों की लंबी सूची है। उनको सोचना चाहिए कि जब इस व्यवस्था में एक शंकराचार्य के साथ ऐसा हो सकता है तो अनपढ़, अज्ञानी कथावाचकों और कथित साधु संतों का क्या होगा।

भारत में सिर्फ टेलर मेड एप्लीकेशन तैयार होंगे

//हरिशंकर व्यास//

दुनिया भर में एक के बाद एक बड़े सम्मेलन हो रहे हैं। पहले जनवरी में स्विट्जरलैंड के दावोस में विश्व आर्थिक मंच की बैठक हुई। उसके बाद फरवरी में जर्मनी में म्यूनिख सिक्योरिटी कॉन्फ्रेंस हुई। फिर दिल्ली में एआई इम्पैक्ट समिट हुआ। अगले महीने भारत में रायसीना डायलॉग्स होंगे। सवाल है कि इन तमाम सम्मेलनों में भारत के लिए क्या है। क्या दुनिया भारत को पूछ रही है या भारत किसी भी मामले में दुनिया को रास्ता दिखा रहा है। आर्थिक मंच की बैठक में या सिक्योरिटी कॉन्फ्रेंस में या एआई समिट में भारत के पास दिखाने के लिए क्या था। ले देकर भारत के पास एकमात्र चीज यह है कि भारत दुनिया भर के उत्पाद खरीद सकता है। चाहे उपभोक्ता उत्पाद हों या हथियार हों या एआई की तकनीक हो, भारत एक खरीदार है। इसके अलावा कोई भारत की परवाह नहीं करता।

म्यूनिख सिक्योरिटी कॉन्फ्रेंस में भी दुनिया की प्राथमिकता दिखी। जिस समय यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की का सेशन होना था उस समय पूरा हॉल भरा हुआ था, लोग खड़े होकर फ्रांस और यूक्रेन की बात सुन रहे थे। यूरोप के लोगों के लिए रूस और यूक्रेन का युद्ध एक चिंता की बात है। लेकिन इसके तुरंत बाद भारत और जर्मनी का सेशन था, जिसमें पूरा हॉल खाली पड़ा हुआ था। किसी को इस बात की चिंता नहीं थी कि भारत क्या कह रहा है। ऐसा इसलिए है क्योंकि रूस और यूक्रेन युद्ध में भारत ने किसी तरह की भूमिका नहीं निभाई। भारत ने सिर्फ बयानबाजी की। प्रधानमंत्री मोदी ने हर जगह कहा कि यह युद्ध का समय नहीं है। उनको लगता था कि यह बहुत बड़ा वाक्य है और इसे बोलने से युद्ध खत्म हो जाएगा। लेकिन युद्ध के चार साल हो गए। यूरोप के सारे देश यूक्रेन की मदद करते रहे लेकिन भारत इस दौरान रूस से तेल खरीदता रहा। तभी म्यूनिक सिक्योरिटी कॉन्फ्रेंस में भारत अप्रासंगिक था। भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर अपनी बात कह आए लेकिन किसी ने उस पर ध्यान नहीं दिया।

उससे पहले दावोस में भारत के कई राज्यों के मुख्यमंत्री और कई केंद्रीय मंत्री विश्व आर्थिक मंच में हिस्सा लेने पहुंचे थे। लेकिन पूरा सम्मेलन अमेरिका और यूरोप के मुद्दे पर केंद्रित रहा। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कई मंत्रियों के साथ पहुंचे थे और अमेरिका ने अपना पैवेलियन बनवाया था। लेकिन दावोस में यूरोप के देशों ने कमाल की एकजुटता दिखाई। ट्रंप ने ग्रीनलैंड लेने की बता कही तो अगली कतार में बैठे ऑस्ट्रिया के राष्ट्रपति उठ कर चले गए। उनके साथ साथ यूरोप के ज्यादातर देशों के नेता वहां से निकल गए।

सबने बाहर जाकर कहा कि ग्रीनलैंड बिकाऊ नहीं है। यूरोप के देशों ने मिल कर ट्रंप की दादागिरी का मुकाबला किया और मजबूरी में ट्रंप को टैरिफ लगाने के फैसले से पीछे हटना पड़ा। लेकिन वहां भी भारत के नेता क्या कर रहे थे। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस ने दावोस जाकर अपने ही राज्य के एक बड़े बिल्डर लोढा समूह के साथ एग्रीमेंट किया। इसी तरह झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दावोस में टाटा समूह के साथ करार किया। सोचें, भारत के मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री दावोस जाकर ऐसे ही घूमते रहे और अपनी देशी कंपनियों से ही निवेश का करार करके लौटे।

ऐसे ही दिल्ली के एआई समिट में हुआ है। दुनिया भर की एआई कंपनियों ने भारत में अपने लिए बाजार की संभावना देखी और निवेश का वादा किया। यह कितनी हैरानी की बात है कि भारत ने ओपन एआई के सैम ऑल्टमैन, एंथ्रोपिक्स के डारियो अमोदाई, गूगल के सुंदर पिचाई आदि की बात की लेकिन किसी दूसरे देश ने भारत के सर्वम या परम की बात नहीं की। इसका मतलब है कि भारत में एआई के सेक्टर में जो काम हो रहा है उसे लेकर दुनिया में कोई गंभीर नहीं है।

सबको पता है कि भारत में कोई ऐसा प्लेटफॉर्म तैयार नहीं हो रहा है, जो चैटजीपीटी या ग्रॉक या क्लॉड, जेमिनी या परप्लेक्सिटी या डीपसीक का मुकाबला कर सके। भारत सेक्टर बेस्ड एप्लीकेशंस बनाएगा, जिसे भारत में भी कम ही लोग इस्तेमाल करेंगे। भारत की तकनीकी क्षमता की पहले परीक्षा हो चुकी है। दुनिया देख चुकी है कि भारत एक ऑपरेटिंग सिस्टम नहीं बना पाया और न सोशल मीडिया का एक प्लेटफ़ॉर्म बना सका। सो भारत लार्ज लैंग्वेज मॉडल कैसा बनाएगा यह दुनिया को पता है। भारत में सिर्फ टेलर मेड एप्लीकेशन तैयार होंगे। भारत का कोई भी एआई उत्पाद दुनिया में जगह नहीं बना पाएगा।

सरकारी कर्मचारी कब से 'कर्मयोगी' होने लगे!

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में एक नया जुमला बोला। उन्होंने एआईओ 'मानव' की बात कही। पहले भी नरेंद्र मोदी की सरकार यही काम करती रही है। ऐसा लगता है कि सरकार की पूरी टीम इसी काम में लगी रहती है कि कैसे हिंदी, अंग्रेजी और जरुरत हो तो उर्दू के शब्दों के पहले अक्षर लेकर एक शब्द बनाया जाए। कुछ दिन पहले ही विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन ग्रामीण यानी वीबी जी राम जी कानून बना। सोचें, कितनी मेहनत लगी होगी इस कानून को जी राम जी नाम देने में। इसमें हिंदी, अंग्रेजी और उर्दू के शब्द एक साथ शामिल किए गए।

उसी तर्ज पर 'मानव' का जुमला प्रधानमंत्री ने बोला है। यह एक हिंदी शब्द है, जिसके अंग्रेजी अक्षरों एमएएनएवी से बना कर कुछ मैसेज देने की कोशिश की गई। इसमें एम फॉर मोरल यानी नैतिक, ए फॉर अकाउंटेबिलिटी यानी जवाबदेही, एन फॉर नेशनल सॉवरेनिटी यानी राष्ट्रीय संप्रभता, ए फॉर एक्सेसिबल यानी सुगम और वी फॉर वैलिड यानी वैध। ऐसा लगता है कि पहले तय किया गया कि एआई का मानव बनाना है और फिर मानव की अंग्रेजी स्पेलिंग के अक्षरों के आधार पर कुछ शब्दों का चयन करके इसे ऐसे प्रस्तुत किया गया, जैसे कोई बड़ी दार्शनिक बात हो। ध्यान रहे अमेरिका के जिन टेक दिग्गजों ने 10 साल पहले एआई की कल्पना की थी और उसे मूर्त रूप दिया तो उनको कभी इस तरह के जुमले गढ़ने की जरुरत नहीं पड़ी। उन्होंने अपने विचार को धरातल पर उतारा। लेकिन भारत के पास एआई के क्षेत्र में देने के लिए नया कुछ नहीं है तो 'मानव' का जुमला दे डाला।

इस सम्मेलन में हिस्सा लेने आए गूगल के सुंदर पिचाई ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और मुलाकात से बाहर निकले तो मीडिया के सामने कहा कि उनकी कंपनी भारत के दो करोड़ कर्मचारियों को एआई का प्रशिक्षण देगी। यह काम दशकों से हो रहा है। अमेरिका और यूरोप के देश तकनीक बनाते हैं और उसे भारत में बेचने से पहले भारत को लोगों को उसका प्रशिक्षण देते हैं। ताकि वे उसके उपयोक्ता बन सकें। य़ही काम कंप्यूटर और ऑपरेटिंग सिस्टम के मामले में 40 साल पहले हो रहा था और अब एआई के मामले में हो रहा है। लेकिन यहां भी प्रधानमंत्री की टीम जुमला उछालने से बाज नहीं आई। गूगल के पेशेवर भारत सरकार के कर्मचारियों को प्रशिक्षण देंगे और उस परियोजना का नाम 'कर्मयोगी' होगा। सोचें, भारत के सरकारी कर्मचारी कब से 'कर्मयोगी' होने लगे! ज्यादातर सरकारी कर्मचारियों से आम नागरिकों की शिकायत यह रहती है कि वे कामचोर होते हैं और रिश्वत लेते हैं। तो क्या अब एआई से कैसे कामचोरी करें और कैसे रिश्वत लें इसकी ट्रेनिंग दी जाएगी। यह भी सवाल है कि जब भारत विश्वगुरू है तो अमेरिका की कंपनी के लोग भारत के कर्मचारियों को क्यों ट्रेनिंग देंगे। कायदे से तो मोदीजी को भारत से लोगों को भेजना चाहिए था, जो अमेरिका और यूरोप के लोगों को ट्रेनिंग देंगे। दुनिया हमको सिखाएगी एआई चलाना और जबकि हम अपने को विश्वगुरू कहते हैं!

तस्वीरों की दुनिया

चीफ इलेक्शन कमिश्नर ज्ञानेश कुमार कोलकाता के बाहरी इलाके राजारहाट में पश्चिम बंगाल विधानसभा 2026 के आम चुनाव की तैयारियों पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मीडिया वालों से बातचीत करते हुए।

गुरुग्राम में सोमवार को एक निर्माणाधीन दीवार गिरने के बाद बचाव दल ने ऑपरेशन चलाया। इस घटना में करीब 12-15 मज़दूर फंस गए और सात की मौत हो गई।

रांची में झारखंड विधानसभा के चल रहे बजट सत्र के दौरान भाजपा विधायक हाथों में प्लेकार्ड लिए विरोध प्रदर्शन करते हुए ।

ठाणे के अंबरनाथ में श्री गणेश केमिकल्स कंपनी में भीषण आग लगने के बाद आग और धुआं उठते देख लोग इकट्ठा हो गए।

नई दिल्ली में चीनी दूतावास के पास 67वें राष्ट्रीय विद्रोह दिवस के मौके पर प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने तिब्बती यूथ कांग्रेस के एक सदस्य को हिरासत में ले लिया।

आप नेता मनीष सिसोदिया का जम्मू में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मीटिंग के दौरान स्वागत किया गया।

भारतीय क्रिकेटर ईशान किशन अहमदाबाद में आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद पटना के जय प्रकाश नारायण इंटरनेशनल एयरपोर्ट पहुंचे।

सलीम वास्तिक पर जानलेवा हमले के मामले में नया खुलासा पाकिस्तानी यूट्यूबर हमाद का है दिल्ली-NCR से भी कनेक्शन

साहिबाबाद, 11 मार्च [एजेंसी]।

मजहबी कट्टरता के खिलाफ आवाज उठाने वाले यूट्यूबर सलीम अहमद उर्फ सलीम वास्तिक पर जानलेवा हमले के मामले में प्रतिदिन नई जानकारी निकलकर सामने आ रही हैं। सलीम का दिया गया आपत्तिजनक व अभद्र बयान हमले की मुख्य वजह माना जा रहा है। धमकी देने और हमले की जिम्मेदारी लेने वाले पाकिस्तानी यूट्यूबर मोहम्मद हमाद बकराती के दिल्ली एनसीआर से भी कनेक्शन होने का दावा किया जा रहा है। उसके गुर्गे यहां सक्रिय हैं और हमाद तक सलीम के बारे में सभी जानकारी व अपडेट पहुंचा रहे हैं। इन्हीं गुर्गों द्वारा सलीम वास्तिक के लोनी के घर का पता भी हमाद तक पहुंचाया गया, इसके बाद उसने पता अपने अकाउंट पर सार्वजनिक कर सलीम की गर्दन काटने की अपील की थी। अंदेशा यह भी है कि पुलिस मुठभेड़ में मारे गए जीशान व गुलफाम ने हमाद के उकसावे में आकर ही सलीम पर जानलेवा

हमला किया। जानकारी मिली है कि सलीम ने कुछ समय पहले अपने चैनल पर एक वीडियो जारी किया था। इसमें उसने आपत्तिजनक टिप्पणी की थी और अभद्र भाषा का प्रयोग किया था। इसके बाद दो फरवरी को पाकिस्तानी यूट्यूबर मोहम्मद हमाद बकराती ने सलीम के बारे में पहला वीडियो जारी कर भारत सरकार से उसे गिरफ्तार कर जेल में डालने की मांग की थी।उसने धमकी दी थी कि ऐसे गुस्ताखों के लिए कोई जगह नहीं है, या तो इस पर सरकार लगाम डाले, नहीं तो हम लगाम डालना जानते हैं। अगर सरकार गिरफ्तार नहीं करती तो हिंदुस्तान के मुसलमान आगे का काम करेंगे। हमाद को सलीम के घर का पता नहीं मालूम। उसने जारी वीडियो में कहा है कि हमे पता है कि सलीम दिल्ली या गाजियाबाद के आसपास कहीं रहता है। हम यहां तक पहुंच गए तो आगे भी पहुंच जाएंगे।सलीम की लोकेशन व पता वीडियो में साझा करेंगे। इसके बाद वह हमले से एक दिन पहले 26 फरवरी को एक और वीडियो जारी कर सलीम की गर्दन उड़ाने की अपील करता है और उसका पता सार्वजनिक करता है। 26 फरवरी को वह इस वीडियो को कुछ देर बाद डिलीट कर देता है और 27 फरवरी को हमले के बाद दोबारा इस वीडियो को अपलोड करता है। इसके बाद वह हमले की जिम्मेदारी भी लेता है। चार और पांच मार्च को वह मुठभेड़ में ढेर हुए जीशान और गुलफाम के फोटो लगाकर वीडियो अपलोड करता है और सलीम की हालत में सुधार वाली फोटो भी अपनी पोस्ट पर लगाता है। जीशान व गुलफाम के मारे जाने के बाद पुलिस दोनों के खोड़ा, लोनी समेत एनसीआर में कनेक्शन खंगालने में जुटी है। दोनों किन लोगों के संपर्क में थे, उनका आर्थिक मदद कौन करता था, किनके उकसावे में आकर दोनों सलीम पर हमला किया। इसके अलावा कई अन्य बिंदुओं पर जांच कर रही है। दोनों का पैन नंबर नहीं मिलने के बाद पुलिस अब फंडिंग का पता लगाने के लिए बैंक खातों की जांच के लिए अमरोहा जाएगी।दिल्ली के निजी अस्पताल में भर्ती सलीम वास्तिक की हालत में लगातार सुधार जारी है। हालांकि हालत अभी भी गंभीर है और उन्हें आईसीयू में रखा गया है। पुलिस अधिकारी लगातार उनका हेल्थ अपडेट ले रहे हैं। वहीं लगातार धमकी मिलने को लेकर अस्पताल की सुरक्षा भी बढ़ाई गई है। मामले में विभिन्न बिंदुओं पर जांच चल रही है। पुलिस इंटरनेट मीडिया की भी जांच कर रही है। जीशान व गुलफाम के मोबाइल फोरेंसिक जांच के लिए गए हुए हैं। मोबाइल से जानकारी मिलने के बाद जांच को आगे बढ़ाया जाएगा।

देशभर में LPG का संकट, सिलेंडर भरवाने के लिए लगी लाइनें, पाइप गैस कनेक्शन वालों के लिए भी मुश्किल

नई दिल्ली 11 मार्च। अमेरिका-इजरायल और ईरान युद्ध के कारण राजधानी दिल्ली, यूपी और हरियाणा सहित उत्तर भारत के कई राज्यों में एलपीजी की किल्लत होने लगी है। गैस सिलेंडर भरवाने को लेकर मारामारी शुरू हो गई है। लखनऊ समेत कई शहरों में गैस एजेंसियों के बाहर लंबी कतारें देखने को मिल रही हैं।कई जगह घरेलू आपूर्ति तो अभी सामान्य है, लेकिन वाणिज्यिक गैस सिलेंडरों को लेकर परेशानी बढ़ रही है। यह स्थिति इसलिए भी है कि लोग आशंका में पहले से ही गैस सिलेंडर भरवाकर जमा करने लगे हैं। व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति सीमित होने से दिल्ली में 50 हजार से अधिक रेस्तरां, पब, बार और होटलों के संचालन में दिक्कतें आने लगी हैं। अयोध्या में वाणिज्यिक गैस सिलेंडरों की कमी के कारण राम नगरी में मंगलवार को नियमित शाम तीन बजे तक चलने वाली राम रसोई मंगलवार को दो बजे ही बंद करनी पड़ी। कई जगह मंदिरों ने लकड़ी और कोयले के उपयोग से भोजन पकाने का निर्णय लिया है। आल इंडिया एलपीजी डिस्ट्रिब्यूटर फेडरेशन (एआईएलडीएफ) के कार्यकारी अध्यक्ष पीएन सेठ के अनुसार यह दिक्कत कुछ दिन के लिए ही है। रूस से आपूर्ति शुरू होते ही समस्या खत्म हो जाएगी। उधर, नेशनल रेस्टोरेंट एसोसिएशन आफ इंडिया (एनआरएआई), दिल्ली के अध्यक्ष संदीप आनंद गोयल ने कहा कि व्यावसायिक सिलेंडरों की आपूर्ति बंद हो गई है। पीएनजी पाइप लाइन में भी गैस का दबाव 20 प्रतिशत कम कर दिया गया है।

हरियाणा के कई जिलों में पिछले दो-तीन दिनों से कमर्शियल एलपीजी सिलेंडरों की सप्लाई प्रभावित होने लगी है। राज्य के कई जिलों में एजेंसियों तक नई खेप नहीं पहुंचने की सूचना है। कई स्थानों पर एजेंसियां पुराने स्टॉक से सीमित सिलेंडर दे रही हैं। इन दिनों विवाह समारोहों और सामाजिक आयोजनों के कारण मांग सामान्य दिनों से अधिक बनी हुई है। पंजाब में एलपीजी सिलेंडर की सप्लाई प्रभावित हुई है। कई जिलों में गैस एजेंसियों को कमर्शियल सिलेंडर की सप्लाई मिलनी बंद हो गई है। जालंधर के होटल संचालकों का कहना है कि अगर सिलेंडर की सप्लाई नहीं होती है तो मजबूरी में कमर्शियल इंडक्शन पर काम चलाना पड़ेगा। दूसरी तरफ राज्य में घरेलू गैस सिलेंडर की सप्लाई भी प्रभावित हो रही है। मध्य प्रदेश में भी कई शहरों में कमर्शियल एलपीजी की आपूर्ति रोक दी गई है। घरेलू एलपीजी की बुकिंग भी बढ़ गई है।

यूरोप के परमाणु ऊर्जा क्षेत्र को कम करना थी रणनीतिक गलती, ईयू प्रमुख बोले- बिजली उत्पादन में भारी गिरावट

पेरिस। यूरोपीय आयोग की प्रमुख उर्सुला वान डेर लेयेन ने मंगलवार को कहा कि यूरोप के परमाणु ऊर्जा क्षेत्र को कम करना एक रणनीतिक गलती थी, क्योंकि सरकारें ईरान युद्ध से पैदा हुई ऊर्जा की कमी से जूझ रही हैं। पेरिस में एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि यूरोप 1990 में लगभग एक तिहाई बिजली परमाणु शक्ति से बनाता था, लेकिन अब यह घटकर 15 प्रतिशत रह गई है। इस वजह से यूरोप तेल और गैस के आयात पर निर्भर हो गया है, जिनकी कीमतें हाल के दिनों में बढ़ गई हैं।लेयेन ने कहा कि जीवाश्म ईंधन के महंगे और अस्थिर आयात पर पूरी तरह से निर्भर होने के कारण यूरोप दूसरे इलाकों के मुकाबले नुकसान में है। लेयेन के देश जर्मनी ने 2011 की फुकुशिमा त्रासदी के बाद जनता के विरोध और सुरक्षा चिंताओं की वजह से तत्कालीन चांसलर एंजेला मर्केल के शासनकाल में परमाणु ऊर्जा संयंत्रों को धीरे-धीरे बंद करने का एक राजनीतिक फैसला लिया था। उस समय लेयेन मर्केल की सरकार में मंत्री थीं। जर्मनी के पर्यावरण मंत्री कार्स्टन श्नाइडर ने मंगलवार को लेयेन की पीछे की ओर देखने वाली रणनीति की आलोचना की।उन्होंने कहा, वायु और सूर्य से मिलने वाली सुरक्षित बिजली सस्ती है और इससे कोई रेडियोएक्टिव कचरा पैदा नहीं होता है।

कैग रिपोर्ट का खुलासा: देवप्रयाग के बाद गंगा जल आचमन योग्य नहीं, ऋषिकेश व हरिद्वार तक नहाने लायक भी नहीं

गैरसैंण (चमोली)। राष्ट्रीय नदी गंगा की स्वच्छता एवं निर्मलता के लिए चल रहे केंद्र सरकार के महत्वाकांक्षी नमामि गंगे कार्यक्रम के बावजूद उत्तराखंड में गंगा पूरी तरह साफ नहीं हो पाई है। भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (कैग) की उत्तराखंड में नमामि गंगे कार्यक्रम के क्रियान्वयन पर केंद्रित वर्ष 2018 से 2023 की लेखा परीक्षा रिपोर्ट तो इसी तरह इशारा कर रही है, जो मंगलवार को विधानसभा के बजट सत्र में सदन के पटल पर रखी गई।रिपोर्ट बताती है कि देवप्रयाग तक गंगा का पानी आचमन योग्य (ए श्रेणी) है, जबकि इससे आगे ऋषिकेश व हरिद्वार तक यह नहाने योग्य (बी श्रेणी) ही है।कैग ने लेखा परीक्षा में इस कार्यक्रम के क्रियान्वयन में कई खामियों को इंगित किया है तो राज्य गंगा मिशन की कार्यशैली के साथ ही उत्तराखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड पर भी सवाल उठाए हैं। नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत प्रथम चरण में गंगा के उद्गम गोमुख से लेकर हरिद्वार तक के 16 शहरों को शामिल किया गया। इसके तहत गंगा में सीवेज और गंदे पानी को जाने से रोकने के दृष्टिगत इन शहरों में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) के निर्माण व गंदे नालों की टैपिंग से संबंधित कार्य किए गए।कैग ने वर्ष 2018 से 2023 तक की अवधि तक की लेखा परीक्षा में गंगा में प्रदूषण को रोकने, नियंत्रित करने या कम करने के लिए इस कार्यक्रम की प्रभावशीलता का आकलन किया।इसमें 42 परियोजनाओं में 23 और पूर्व में बनाई गई परिसंपत्तियों के संचालन व अनुरक्षण को समाहित किया गया। रिपोर्ट में उल्लेख है कि राज्य सरकार ने गंगा तट पर स्थित नगरों में पूरक सीवेज सुविधाओं में वृद्धि को धन आवंटित ही नहीं किया।यद्यपि वर्ष 2018 से 2023 के दौरान राज्य क्षेत्र योजना के अंतर्गत स्वच्छता अवसरंचना तैयार करने को 55.08 करोड़ रुपये खर्च किए।इसमें गंगा से लगे 16 नगरों में नमामि गंगे की निधि से बने एसटीपी के साथ घरों को जोड़ने को कोई निधि नहीं दी गई। सात नगरों में तो एक भी घर एसटीपी से नहीं जुड़ा था।ये बात भी सामने आई कि ये एसटीपी सीवेज के बजाय केवल धूसर पानी का ही शोधन कर रहे थे।लेखा परीक्षा में कैग ने पाया कि देवप्रयाग तक गंगा के जल की गुणवत्ता ए श्रेणी में रही। कोरोनाकाल में (वर्ष 2020 व 2021) में ऋषिकेश में गंगा जल में ए श्रेणी तक सुधार हुआ, जो फिर से बी श्रेणी में आ गई।अलबत्ता, हरिद्वार में लेखा परीक्षा की अवधि में गंगा जल की गुणवत्ता बी श्रेणी में ही बनी रही। यही नहीं, देवप्रयाग से हरिद्वार तक 93 किलोमीटर की दूरी के बीच अक्टूबर 2023 में कालीफार्म का स्तर 32 गुना बढ़ा हुआ पाया गया।

रिपोर्ट के अनुसार उत्तराखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (पीसीबी) की देहरादून, रुड़की व काशीपुर में संचालित प्रयोगशालाओं के लिए राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन ने जून 2018 में 16.21 करोड़ रुपये की परियोजना मंजूरी की थी।पांच वर्ष की इसके तहत तीनों प्रयोगशालाओं को एनएबीएल से मान्यता प्राप्त करने की जरूरत थी, ताकि परीक्षण और मापांकन रिपोर्ट में सटीकता व विश्वसनीयता रहे। बावजूद इसके छह वर्ष बाद भी यह मान्यता नहीं ली गई।

गर्मी शुरू होते ही चरमराई ट्रांस हिंडन की बिजली व्यवस्था, छूटे पसीने

मेंटेनेंस कार्यों के कारण आपूर्ति प्रभावित

साहिबाबाद, 11 मार्च [एजेंसी]।

गर्मी शुरू होते ही ट्रांस हिंडन की बिजली कटौती चरमरा गई है। मंगलवार को भी विभिन्न इलाकों में अंधाधुंध कटौती हुई। बिन बिजली के एसी, पंखे व कूलर नहीं चलने से लोगों के पसीने छूट गए। लोग विद्युत निगम के अधिकारियों से बिजली आपूर्ति सामान्य करने की गुहार लगाते रहे, लेकिन स्थिति जस की तस बनी रही। इंदिरापुरम के कई क्षेत्रों में मेंटेनेंस कार्य किए गए। इससे यहां सुबह 10 बजे से शाम करीब पांच बजे तक बिजली आपूर्ति प्रभावित रही। शिप्रा सनसिटी के विद्युत उपकेंद्र के फीडर-दो व नौ की लाइन का मेंटेनेंस कार्य किया गया। इससे शिप्रा सनसिटी कंपाउंड की सुबह 10 से दोपहर दो बजे तक बिजली कटी। करीब चार घंटे बिजली कटौती होने से यहां के लोगों को परेशानी झेलनी पड़ी। अहिंसा खंड स्थित विद्युत उपकेंद्र के फीडर-तीन व पांच के ट्रांसफार्मर का मेंटेनेंस, पेड़ों की छंटाई व जंपरों की जांच व बदलने का कार्य किया गया। इससे बालाजी सोसायटी, गुलमोहर एजेंटिका, मरकरी क्लाउड, दिव्यांश, श्याम, एंजल जुपिटर, एसपीएस सोसायटी की बिजली आपूर्ति दोपहर दो से करीब पांच बजे तक प्रभावित रही।इन सोसायटी में बिजली नहीं होने पर जेनरेटर सेट चलाकर पावर सप्लाई की गई। एंजल जुपिटर सोसायटी के महेश कुमार ने बताया कि जेनरेटर की बिजली बहुत महंगी पड़ती है। आए दिन बिजली कटौती ने परेशानी के साथ ही आर्थिक बोझ भी बढ़ा दिया है।वैशाली सेक्टर-छह में बिजनेस प्लान 2024-25 के अंतर्गत नये कंडक्टर बदलने का कार्य किया गया। इससे रामप्रस्थ की सुबह 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक करीब चार घंटे आपूर्ति प्रभावित रही। स्थानीय निवासी संतोष ने बताया कि बिन बिजली के गर्मी में पसीने छूट रहे हैं और अधिकारी के मेंटेनेंस कार्य ही खत्म नहीं हो रहे हैं।

एकजुटता ही वैश्विक अस्थिरता का एकमात्र समाधान, कीर्ति वर्धन सिंह-किंग चार्ल्स के बीच अहम पहलुओं पर विमर्श

लंदन, 11 मार्च [एजेंसी]।

केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने मौजूदा संघर्षों के कारण वैश्विक व्यवस्था में उत्पन्न व्यवधानों को दूर करने के लिए एकजुटता पर जोर देते हुए कहा कि लोकतांत्रिक देशों का यह सबसे बड़ा समूह (राष्ट्रमंडल) अपने संसाधनों को साझा कर भविष्य की चुनौतियों का सामना कर सकता है।लंदन में आयोजित 26वीं राष्ट्रमंडल विदेश मंत्रियों की बैठक (सीएफएएमएम) में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए उन्होंने कहा कि राष्ट्रमंडल देशों की एकजुटता से ही वैश्विक अनिश्चितताएं दूर हो सकती हैं।जलवायु संरक्षण पर किंग चार्ल्स तृतीय से चर्चा अपनी यात्रा के दौरान कीर्ति वर्धन सिंह ने सेंट जेम्स पैलेस में आयोजित एक विशेष रिसेप्शन में किंग चाल्स तृतीय से मुलाकात की। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन विभाग का कार्यभार संभाल रहे सिंह ने किंग चाल्स के साथ जलवायु संबंधी कार्रवाई के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। मंत्री ने बताया, किंग चाल्स की पर्यावरण संरक्षण में गहरी रुचि है। उन्होंने कहा कि हमें यह कार्य इसलिए करना होगा ताकि हमारी आने वाली पीढ़ियों को कष्ट न सहना पड़े।इस वर्ष के राष्ट्रमंडल दिवस की थीम एक समृद्ध राष्ट्रमंडल के लिए मिलकर अवसरों के द्वार खोलना विषय पर आधारित थी।वैश्विक चुनौतियों और सुधारों पर जोर कीर्ति वर्धन सिंह ने पश्चिम एशिया के संघर्षों और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में आने वाली बाधाओं पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि सदस्य देशों को अपनी तुलनात्मक और प्रतिस्पर्धी क्षमताओं का उपयोग टिकाऊ विकास के लिए करना चाहिए।उन्होंने कहा, हम लोकतांत्रिक देशों का सबसे बड़ा समूह हैं। हमें अपने मानव और प्राकृतिक संसाधनों को एक साथ लाकर आगे बढ़ना होगा।

आईजीआईएमएस पटना में रोबोटिक सर्जरी का शुभारंभ, दो मरीजों का सफल ऑपरेशन

पटना, 11 मार्च [एजेंसी]।

प्रदेश के सबसे बड़े मल्टी सुपरस्पेशियलिटी स्वायत्तशासी संस्थान आईजीआईएमएस के नाम मंगलवार को एक और नई उपलब्धि दर्ज हो गई।संस्थान के गैस्ट्रोइंस्टेटाइन सर्जरी विभाग में पहली बार रोबोटिक विधि से दो मरीजों की सफल सर्जरी की गई। इनमें से एक मरीज शिवहर की 26 वर्षीय महिला है, जो गत तीन वर्षों से गाल ब्लाडर स्टोन से पीड़ित थीं।दूसरा मरीज सिवान का 55 वर्षीय व्यक्ति हैं जो हर्निया व गाल ब्लाडर दोनों समस्याओं से जूझ रहे थे। गैस्ट्रो सर्जरी के विभागाध्यक्ष डॉ. मनीष मंडल की देखरेख में दोनों मरीजों का सफल ऑपरेशन किया गया। इसके साथ ही आईजीआईएमएस बिहार का पहला अस्पताल बन गया है जहां सरकारी दर पर पेट की रोबोटिक सर्जरी की जाएगी। संस्थान के निदेशक डॉ. बिन्दे कुमार, उपनिदेशक प्रो. डॉ. विभूति प्रसन्न सिन्हा आदि ने इस उपलब्धि पर गैस्ट्रो सर्जरी टीम को बधाई देते हुए इसे प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं के लिए बड़ी उपलब्धि बताई।चिकित्साधीक्षक डॉ. मनीष मंडल ने बताया कि रोबोटिक तकनीक जटिल सर्जरी को भी आसान, सटीक व सुरक्षित बनाती है। इससे सर्जन को ऑपरेशन के दौरान बेहतर नियंत्रण व स्पष्ट दृश्य मिलता है। इस तकनीक से सर्जरी में रक्तस्राव कम होता है और मानवीय त्रुटियों की आशंका भी कम हो जाती है। साथ ही मरीजों को कम दर्द होता है और वे सामान्य सर्जरी की तुलना में जल्दी स्वस्थ होते हैं।

फिलहाल, गैस्ट्रो सर्जरी विभाग से रोबोटिक सर्जरी की शुरुआत की गई है लेकिन जैसे ही प्रशिक्षण होता जाएगा स्त्री एवं प्रसूति रोग, प्रोस्टेट-किडनी जैसी यूरोलॉजी, न्यूरो सर्जरी, आर्थोपेडिक-स्पाइन व कैंसर की भी सर्जरी रोबोटिक विधि से की जाएंगी।जीआई सर्जरी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. साकेत कुमार ने बताया कि रोबोटिक प्रणाली में एआई तकनीक व थ्री-डी इमेजिंग का प्रयोग होता है। इससे सर्जन को ऑपरेशन के दौरान शरीर के अंदर का स्पष्ट व वास्तविक समय का दृश्य दिखता है।यह तकनीक हार्निया, गाल ब्लाडर, अपेंडिक्स, छोटी व बड़ी आंत से जुड़ी सर्जरी में अधिक सटीकता व सुरक्षा प्रदान करती है। इससे जटिलताओं व जोखिम की आशंका कम हो जाती है। अब तक कई मरीजों को रोबोटिक सर्जरी के लिए दिल्ली, मुंबई या अन्य बड़े शहर जाना पड़ता था। आईजीआईएमएस में इसके शुरू होने से प्रदेश के मरीजों को यही पर सस्ते में आधुनिक तकनीक से इलाज मिल सकेगा। उपनिदेशक प्रो. डॉ. विभूति प्रसन्न सिन्हा ने कहा कि रोबोटिक सर्जरी बिहार के मरीजों के लिए वरदान साबित होगी। अन्य विभागों में रोबोटिक सर्जरी शुरू करने के लिए चिकित्सकों को विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

करूर भगदड़ मामला: सीबीआई ने टीवीके प्रमुख विजय को फिर किया तलब, 15 मार्च को दिल्ली में पेशी

नई दिल्ली 11 मार्च। सीबीआई ने टीवीके प्रमुख विजय को करूर भगदड़ मामले में 15 मार्च को दोबारा तलब किया है। एजेंसी ने जनवरी में दो बार उनसे पूछताछ की थी। नौ मार्च को अभिनेता को फिर से तलब किया गया था, लेकिन उन्होंने इसे 15 दिनों के लिए टालने का अनुरोध किया था। अधिकारियों के अनुसार, विजय ने राजनीतिक व्यस्तताओं का हवाला देते हुए यह भी आग्रह किया था कि पूछताछ चेन्नई या तमिलनाडु के किसी कार्यालय में की जाए। उन्होंने बताया कि सीबीआई ने अब विजय को 15 मार्च को दिल्ली स्थित एजेंसी मुख्यालय में पेश होने के लिए कहा है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने करूर से द्रमुक विधायक सेंथिल बालाजी को भी 17 मार्च को पूछताछ के लिए पेश होने को कहा है। राज्य के पूर्व मंत्री बालाजी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि वह 17 मार्च को सीबीआई के सामने पेश होकर करूर भगदड़ त्रासदी के संबंध में अपना पक्ष रखना चाहते हैं। इस भगदड़ में 41 लोगों की मौत हो गई और 60 से अधिक लोग घायल हुए। यह घटना 27 सितंबर, 2025 को तमिलनाडु के करूर में हुई थी।

लिव-इन रिलेशनशिप पर HC का अहम फैसला: कहा- ऐसे जोड़ों को भी जीवन और स्वतंत्रता का अधिकार, भले ही एक साथी विवाहित हो

चंडीगढ़, 11 मार्च [एजेंसी]।

पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि संविधान के अनुच्छेद-21 के तहत जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की सुरक्षा का अधिकार प्रत्येक व्यक्ति को प्राप्त है और किसी व्यक्ति को केवल इस आधार पर इस अधिकार से वंचित नहीं किया जा सकता कि वह लिव-इन रिलेशनशिप में रह रहा है, भले ही दोनों में से एक साथी पहले से विवाहित ही क्यों न हो। अदालत ने कहा कि अगर किसी व्यक्ति को जीवन और स्वतंत्रता पर खतरे की वास्तविक आशंका हो तो संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों का दायित्व है कि वे मामले का मूल्यांकन कर आवश्यक कार्रवाई करें। यह टिप्पणी जस्टिस रुपिंदरजीत चहल की एकल पीठ ने एक जोड़े द्वारा दायर याचिका का निपटारा करते हुए की। याचिका में निजी प्रतिवादियों से कथित धमकियों का आरोप लगाते हुए सुरक्षा की मांग की गई थी। अदालत ने मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि संविधान द्वारा प्रदत्त जीवन और स्वतंत्रता का संरक्षण किसी व्यक्ति की सामाजिक या वैवाहिक स्थिति पर निर्भर नहीं करता, बल्कि यह प्रत्येक नागरिक का मौलिक अधिकार है।मामले में याचिकाकर्ताओं

ने अदालत को बताया कि वे दोनों बालिग हैं और अपनी इच्छा से लिव-इन रिलेशनशिप में रह रहे हैं। हालांकि महिला याचिकाकर्ता पहले से विवाहित है और उसकी पूर्व विवाह से तीन संतानें भी हैं, लेकिन इसके बावजूद दोनों साथ रह रहे हैं। उनका कहना था कि उनके इस रिश्ते का कुछ लोग विरोध कर रहे हैं और उनसे उन्हें नुकसान पहुंचाए जाने का खतरा है। याचिकाकर्ताओं ने अदालत को यह भी बताया कि उन्होंने पांच मार्च 2026 को हांसी के पुलिस अधीक्षक को एक लिखित आवेदन देकर अपनी सुरक्षा को लेकर चिंता जताई थी, लेकिन अब तक उस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इसलिए उन्होंने अदालत से आग्रह किया कि पुलिस को उनके आवेदन पर विचार कर आवश्यक सुरक्षा प्रदान करने के निर्देश दिए जाएं।

सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं की ओर से यह भी दलील दी गई कि हाई कोर्ट पहले भी कई मामलों में यह स्पष्ट कर चुका है कि लिव-इन रिलेशनशिप में रहने वाले वयस्कों को कानून के तहत सुरक्षा मिल सकती है, अगर उनके जीवन या स्वतंत्रता को खतरा हो। उन्होंने अदालत से कहा कि अगर पुलिस को उनके आवेदन पर विचार कर खतरे की आशंका का आकलन करने का निर्देश दे दिया जाए तो वे संतुष्ट होंगे। मामले के तथ्यों और दलीलों पर विचार करने के बाद न्यायालय ने हांसी के पुलिस अधीक्षक को निर्देश दिया कि वे याचिकाकर्ताओं द्वारा पांच मार्च को दिए गए अभ्यावेदन की जांच करें। साथ ही यह भी आकलन करें कि याचिकाकर्ताओं के जीवन और स्वतंत्रता को किसी प्रकार का वास्तविक खतरा है या नहीं। अदालत ने कहा कि यदि जांच के बाद खतरे की आशंका पाई जाती है तो पुलिस कानून के अनुसार आवश्यक और उचित कार्रवाई करे।

भारत-अमेरिका समझौते के खिलाफ पंजाब विधानसभा में सर्वसम्मति से निंदा प्रस्ताव पारित, सीएम भगवंत मान ने डील को बताया खतरनाक



चंडीगढ़। पंजाब विधानसभा में मंगलवार को भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने इस समझौते की तुलना ईस्ट इंडिया कंपनी से की।उन्होंने कहा कि यह समझौता तीन कृषि कानूनों से भी ज्यादा खतरनाक है। यह पंजाब व देश के किसानों की बर्बादी का समझौता है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि इस व्यापार समझौते के कारण देश या पंजाब का किसान अमेरिका के किसानों का मुकाबला नहीं कर पाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विश्व गुरु बनने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन अब वे चेला बनकर रह गए हैं। पारित प्रस्ताव में पंजाब की कृषि पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों को लेकर चिंता जताते हुए समझौते को रद करने की मांग की गई। इस दौरान भाजपा के दोनों विधायक सदन में उपस्थित नहीं थे। कांग्रेस, शिरोमणि अकाली दल और बहुजन समाज पार्टी ने भी निंदा प्रस्ताव का समर्थन किया।

मुख्यमंत्री ने सदन में कहा कि अमेरिका के साथ समझौते की जानकारी न तो संसद को दी गई और न ही किसी राज्य के साथ साझा की गई। न लोकसभा की स्टैंडिंग कमेटी से कोई सलाह ली गई और न ही सर्वदलीय बैठक बुलाकर इस पर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि अमेरिका के किसानों के पास औसत 500 एकड़ जमीन है, जबकि हमारे सबसे बड़े किसान के पास भी 30 एकड़ जमीन होती है।

अमेरिका के किसान अमीर हैं और उन्हें अधिक सब्सिडी मिलती है। मुख्यमंत्री ने चेतावनी दी कि अमेरिका से सस्ता सोयाबीन और मक्का आने पर हमारे फीड बनाने वालों का कारोबार खत्म हो जाएगा।उन्होंने कहा कि जिस प्रकार ईस्ट इंडिया कंपनी व्यापार करने आई थी, उसी तरह अमेरिकी भारतीय बाजार पर कब्जा कर लेंगे। मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार द्वारा लाए जाने वाले बीज कानून पर भी चिंता जताई, जिसमें किसानों के पास अपना बीज रखने का अधिकार नहीं होगा। उन्होंने कहा कि यह छोटे भारतीय बीज उत्पादकों के लिए चिंता का विषय है।

रवीना टंडन की लाडली राशा थडानी ने की नई शुरुआत, महादेव से मांगा आशीर्वाद

बॉलीवुड अभिनेत्री रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी ने आजाद फिल्म से बॉलीवुड में कदम रखा था। फिल्म तो बॉक्स ऑफिस पर ज्यादा सफल न हुई लेकिन राशा ने अपने अभिनय और डांस की कला से लोगों को मुरीद बना लिया। जल्द ही वह अपनी दूसरी फिल्म लाइक लाइका के जरिए दर्शकों का दिल जीतते दिखाई देंगी, लेकिन इससे पहले उन्होंने एक नई शुरुआत की है। इसके लिए राशा महादेव की शरण में पहुंची और उन्होंने भगवान से आशीर्वाद लिया।

राशा ने अपनी आगामी फिल्म लाइक लाइका के गाने छाप तिलक से गायन के क्षेत्र में कदम रखा है। उनका यह गाना यूट्यूब पर जारी किया गया है, जिसे लोगों की सकारात्मक प्रतिक्रिया मिलती दिखाई दे रही है। गाने की रिलीज के बाद, राशा महादेव का आशीर्वाद लेने और उन्हें गाने को समर्पित करने के लिए मंदिर पहुंची। उन्होंने महादेव की भक्ति में लीन होते हुए कुछ तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर साझा की हैं। राशा की आगामी फिल्म लाइका इसी साल 2026 की गर्मियों में रिलीज होने के लिए तैयार है। फिल्म में उनके साथ मुंन्या वाले अभय वर्मा मुख्य किरदार में नजर आएंगे। निर्माताओं ने फिल्म के पोस्टर पहले ही जारी कर दिए हैं। सौरभ गुप्ता द्वारा लिखित और निर्देशित इस फिल्म का निर्माण भावना दत्ता तलवार और राघव गुप्ता ने मिलकर किया है। यह फिल्म गहन रोमांटिक-एक्शन कहानी पर आधारित होने का संकेत देती है।

आलिया भट्ट और शरवरी वाग की स्पाई थ्रिलर अल्फा की बदली रिलीज डेट

आलिया भट्ट और शरवरी की आगामी फिल्म अल्फा की नई रिलीज डेट का आखिरकार आ ही गई. इससे इसके सिनेमाघरों में रिलीज होने को लेकर महीनों से चल रही अटकलों का अंत हो गया है. पिछले कुछ महीनों से ऐसी खबरें आ रही थीं कि सलमान खान की फिल्म बैटल ऑफ गलवान से बॉक्स ऑफिस पर क्लैश से बचने के लिए फिल्म की रिलीज को स्थगित किया जा सकता है. कुछ अफवाहों में यह भी कहा गया था कि फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज नहीं होगी और सीधे किसी ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हो जाएगी. हालांकि मेकर्स के नए एलान से इसकी पुष्टि हो गई है कि फिल्म सिनेमाघरों में ही रिलीज होगी.आलिया भट्ट की लंबे समय से अटकी फिल्म अल्फा अब 10 जुलाई 2026 को रिलीज होगी. यह फिल्म पहले दिसंबर 2025 और फिर अप्रैल 2026 में रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब इसकी नई रिलीज डेट तय हो गई है. मेकर्स ने फिल्म का नया पोस्टर शेयर किया है, जिसमें आलिया भट्ट की एक झलक दिखाई गई, साथ ही फिल्म की स्टार कास्ट के बारे में आधिकारिक जानकारी भी दी गई, जिसमें शरवरी, अनिल कपूर और बॉबी देओल शामिल हैं. अल्फा को पहले क्रिसमस 2025 को रिलीज करने की योजना थी. बाद में, मेकर्स ने तारीख बदलकर 17 अप्रैल, 2026 कर दी. हालांकि, उसी तारीख को सलमान खान अभिनीत फिल्म बैटल ऑफ गलवान भी रिलीज होने वाली थी.

गर्मियों के दौरान चिपचिपे बालों को प्रबंधित करने के लिए आजमाएं ये तरीके

गर्मियों में पसीना और उमस के कारण बाल अधिक चिपचिपे हो सकते हैं, जिससे असहजता महसूस होती है। चिपचिपे बालों के कारण बाल उलझे हुए भी नजर आते हैं और इस वजह से कई बार महिलाएं डैंड्रफ से भी परेशान हो जाती हैं। आइए आज हम आपको कुछ ऐसे घरेलू नुस्खों के बारे में बताते हैं, जिन्हें आजमाकर आप चिपचिपे बालों को आसानी से प्रबंधित कर सकते हैं।

सिर धोने के बाद सिर को सूखा रखें

सिर धोने के बाद बालों को सूखा रखना चाहिए। इसके लिए आप एक मुलायम तौलिये से बालों को हल्के हाथों से पोंछ लें। इसके बाद बालों को खुला ही छोड़ दें। इससे सिर पर मौजूद तेल और पसीना आसानी से सूख जाएगा। इसके अतिरिक्त बालों को कंघी करने से पहले उन्हें सुखाने के लिए छोड़ दें। ऐसा करने से बालों में चिपचिपाहट नहीं होगी और वे अच्छे से सेट हो जाएंगे।

बालों को धोने के लिए हल्के शैंपू का करें इस्तेमाल

अगर आप अपने बालों को धोने के लिए कठोर शैंपू का इस्तेमाल करते हैं तो यह आपके बालों की प्राकृतिक नमी को छीन सकता है और उन्हें और भी चिपचिपा बना सकता है। इसलिए अपने बालों को धोने के लिए हमेशा हल्के और प्राकृतिक शैंपू का ही इस्तेमाल करें। इससे आपके बाल साफ भी रहेंगे और उनकी नमी भी बनी रहेगी। इसके अतिरिक्त बालों में चमक भी बनी रहेगी और वे स्वस्थ दिखेंगे।

बालों को धोने के लिए ठंडे पानी का करें इस्तेमाल

गर्मियों में बालों को धोने के लिए ठंडे पानी का इस्तेमाल करना चाहिए क्योंकि यह सिर को ठंडक देता है और बालों को ताजगी प्रदान करता है। गर्म पानी से बाल धोने से बाल रूखे हो सकते हैं और उनकी चमक भी चली जाती है। ठंडा पानी बालों के प्राकृतिक तेल को बनाए रखने में मदद करता है और उन्हें नमी भी प्रदान करता है। इसके साथ ही यह बालों को स्वस्थ और चमकदार बनाता है।

सिर धोने के बाद कंघी न करें

सिर धोने के तुरंत बाद कंघी करना सही नहीं है क्योंकि इससे बाल उलझ सकते हैं और उनकी जड़ें कमजोर हो जाती हैं।

इसलिए बालों को धोने के बाद उन्हें प्राकृतिक रूप से सूखने दें। अगर बाल उलझ गए हैं तो पहले उंगलियों से हल्के-हल्के सुलझा लें। इसके बाद चौड़ी दांत वाली कंघी का इस्तेमाल करें ताकि बाल आसानी से सुलझ जाएं। ऐसा करने से बालों की जड़ें भी मजबूत रहेंगी और वे स्वस्थ दिखेंगे।

बालों को बांधें

अगर आपके पास बालों को धोने का समय नहीं है तो उन्हें बांध लें। इसके लिए आप ऊंची चोटी या जुड़ा बना सकती हैं। इससे चिपचिपाहट कम होगी और बाल उलझेंगे भी नहीं। इसके अलावा आप बालों को बांधने से पहले एक हल्का हेयर स्प्रे भी लगा सकती हैं, जिससे वे सेट रहें और चिपचिपे न दिखें।

इस तरह आप आसानी से अपने बालों की चिपचिपाहट को नियंत्रित कर सकती हैं और उन्हें स्वस्थ बना सकती हैं।

घर पर भी बनाया जा सकता है प्राकृतिक परफ्यूम, बस ध्यान में रखनी होंगी ये बातें

बाजार में वैसे तो डेरों परफ्यूम मिलते हैं, लेकिन उनमें कई रसायन मिलाए जाते हैं। ऐसे में बेहतर होता है प्राकृतिक परफ्यूम लगाना। घर पर प्राकृतिक परफ्यूम बनाना एक कला है, जिसके जरिए आप अपनी व्यक्तिगत पसंद के मुताबिक खुशबू तैयार कर सकते हैं। जरूरी तेल, आधार तेल और दूसरी प्राकृतिक चीजें इस्तेमाल करके आप ऐसी खुशबू बना सकते हैं, जिसमें कोई बनावटी रसायन नहीं होंगे। इसके दौरान इन टिप्स का पालन करें।

आवश्यक तेल का ऐसे करें चुनाव

परफ्यूम के लिए आवश्यक तेल सबसे जरूरी सामग्री हैं। ऐसे तेल चुनें, जो एक-दूसरे के साथ अच्छे लगें और आपकी पसंद के भी हों। लोग लैवेंडर को मन शांत करने के लिए चुनते हैं, खट्टे फल वाले तेल ताजगी के लिए अच्छे होते हैं और गुलाब की खुशबू खास लगती है। अलग-अलग तेलों को मिलाकर आजमाएं, ताकि आप अपनी पसंद की खुशबू तलाश सकें। यह बात भी ध्यान रखें कि हर तेल की महक अलग होती है।

आधार तेलों को समझें

आधार तेल आवश्यक तेलों को पतला करते हैं और त्वचा पर लगाने में आसानी देते हैं। जोजोबा, बादाम और नारियल का तेल कुछ आम आधार तेल हैं। हर तेल की अपनी बनावट और खुशबू होती है, जिससे आखिरी खुशबू में फर्क आता है। जोजोबा तेल को कई लोग पसंद करते हैं, क्योंकि यह त्वचा के प्राकृतिक तेल जैसा होता है और लगाने पर चिपचिपा नहीं लगता। ऐसा आधार तेल चुनें, जो आपके चुने हुए आवश्यक तेलों के साथ अच्छा लगे।

खुशबू की परतों पर दें ध्यान

परफ्यूम में आमतौर पर खुशबू की 3 परतें होती हैं: ऊपरी, बीच वाली और आखिरी परत। ऊपरी परत की खुशबू सबसे पहले नाक में आती है, लेकिन यह जल्दी ही खत्म हो जाती है। खट्टे फल या जड़ी-बूटियों जैसी खुशबू इस परत के लिए सही हैं। बीच वाली परत परफ्यूम की मुख्य खुशबू होती है। इनमें अक्सर फूलों या मसालेदार खुशबू होती है, जैसे लैवेंडर या दालचीनी। आखिरी परत खुशबू को गहराई देती है, जो देर से सामने आती है।

घर पर बने परफ्यूम हो ऐसे करें स्टोर

अपने घर के बने परफ्यूम को लंबे समय तक ताजा और खुशबूदार रखने के लिए उन्हें सही तरीके से रखना बहुत जरूरी है। अपने परफ्यूम को हमेशा कांच की काली बोतलों में रखें और उन्हें सीधी धूप से दूर रखें। धूप से आवश्यक तेलों की गुणवत्ता धीरे-धीरे खराब हो सकती है। साथ ही, इन्हें ठंडी जगहों पर रखें और हीटर या चूल्हे जैसी गरम चीजों से दूर रखें। ऐसी गर्मी से भी समय के साथ वे खराब हो सकते हैं।

श्रद्धा कपूर ने दोबारा शुरू की ईथा की शूटिंग, इस कारण लेना पड़ा था ब्रेक

बॉलीवुड अभिनेत्री श्रद्धा कपूर अपनी आगामी फिल्म ईथा को लेकर काफी समय से चर्चा में हैं। लक्ष्मण उतेकर के निर्देशन में बनी रही फिल्म में अभिनेत्री को तमाशा कलाकार विथावाई नारायणगांवकर के किरदार में देखा जाएगा। निर्माताओं ने फिल्म पर काम 2025 से शुरू कर किया था, लेकिन नवंबर में श्रद्धा ने शूटिंग से दूरी बना ली थी। हालांकि, अब श्रद्धा सेट पर वापस आ चुकी हैं। उन्होंने मुंबई के मलाड स्थित मार्वे बीच पर शूटिंग शुरू कर दी है।

सूत्र ने बताया, टीम ने मार्वे बीच पर एक गांव का सेट तैयार किया है। श्रद्धा के ठीक होने तक लक्ष्मण ने सेटों को वैसे ही रहने दिया। अब, उन्होंने एक डांस नंबर की शूटिंग शुरू की है, जिसमें श्रद्धा का किरदार मेले के बीच एक स्टेज पर परफॉर्म करता नजर आएगा। वैभवी मर्चेंट डांस नंबर की कोरियोग्राफी कर रही हैं। नवंबर, 2025 में शूटिंग करते वक्त श्रद्धा के पैर के अंगूठे में फ्रैक्चर हो गया था।

1940 से 1990 के बीच घटित होने वाली ईथा फिल्म पंढरपुर में जन्मी कलाकार नारायणगांवकर की बायोपिक होगी जिसमें उनकी लोकप्रियता के शुरुआती अनुभव और उनकी आर्थिक तंगी के सफर को दिखाया जाएगा। इस समय नारायणगांवकर के 40 साल के दृश्यों की शूटिंग चल रही है जो फरवरी में पूरी होगी। इसके बाद, अभिनेत्री उन दृश्यों की शूटिंग करेंगी जिसमें 20 से 30 साल की उम्र वाले दृश्य शामिल हैं। इस चरण को अप्रैल तक पूरा करने का लक्ष्य है।

सू- दोक् क्र.338

	7				1		3	
1		9				5		
			3				1	
		5						3
3					2		5	
				3				2
	4						7	
7		8		1		6		
	6		7		9			1

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनाता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.337 का हल

5	2	4	9	6	7	8	1	3
3	6	7	4	1	8	2	9	5
8	1	9	3	2	5	4	6	7
6	3	5	1	9	4	7	2	8
7	9	8	5	3	2	6	4	1
2	4	1	7	8	6	5	3	9
4	5	3	6	7	9	1	8	2
9	8	6	2	5	1	3	7	4
1	7	2	8	4	3	9	5	6

शब्द सामर्थ्य -338

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. बात, घटना, मांजरा, मुकदमा (उर्दू) 3. अलावा, अतिरिक्त 6. प्रेम, इच्छा 7. मां का बच्चे के प्रति प्रेम 8. गलती, जुर्म, गुनाह, दोष 10. मग्न, लीन, खुश, प्रसन्न 12. धनुष, समादेश, फौजी टुकड़ी 13. एक कल्पित पत्थर जो लोहे को छूकर सोना बना देता है 16. हिम्मत, साहस, सामर्थ्य 17. बनावटी, अनुकृति, असली का विलोम 18. अबोध, नासमझ 20. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध हरिभक्त देवर्षि 22. गहरा नीला, काला 23. व्याकुल, बेसब्र 24. मन, चित्त, आदरसूचक तथा सहमति सूचक एक शब्द।

ऊपर से नीचे

1. स्वामी, नाथ 2. बेबस, मजबूर, विवश 3. अन्याय, अत्याचार, जुल्म 4. मध्य एशिया का एक देश 5. पुस्तक 9. बहादुर, वीर 11. सैनिक विद्रोह 12. नीच, अधम 12 ए. प्रणाम, झुकना 13. भरण-पोषण करना, परवरिश करना, छोटा झुला, हिंडोला 14. प्रमाण, प्रमाणिक कथन 15. स्वाभाविक ढंक, योग्यता, लियाकत, सभ्यता और शिष्टता, शऊर (उ.) 19. बिजली, तड़ित 21. रात में दिखाई न पड़ने का नेत्र संबंधी रोग।

1		2	■	3		4	■	5
	■	6			■	7		
8	9		■	10	11		■	
■			■	■		■	■	■
12		12ए	■	13		14	■	15
	■	16			■	17		
18	19		■	20	21		■	
■	■	■	■	■		■	■	■
22			■	23			■	24

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 337 का हल

प	सं	द	■	सिं	हा	स	न	■
ख	■	म	ज	दू	र	■	का	म
वा	द	क	■	र	■	सं	ब	ल
ड़	■	ल	ज्जा	■	म	स्का	■	य
■	बा	■	■	बि	हा	र	■	■
सु	धा	क	र	■	न	■	■	औ
रं	■	म	■	कि	ता	ब	■	स
ग	■	अ	र	सा	■	हु	ज्ज	त
■	श	क्ल	■	न	मि	त	■	न

सनी के किरदार में शाहिद कपूर की वापसी

साल 2023 की सुपरहिट वेब सीरीज फर्जी के दूसरे सीजन का इंतजार कर रहे फैंस के लिए बड़ी खबर है. एक्टर शाहिद कपूर ने ऑफिशियली फर्जी 2 की शूटिंग शुरू कर दी है. उन्होंने सोशल मीडिया पर एक खास तस्वीर शेयर कर इस बात की जानकारी दी. इस फोटो में शाहिद कपूर, राज निदिमोरू और कृष्णा डीके यानी राज एंड डीके के साथ नजर आ रहे हैं. जैसे ही यह अपडेट सामने आया, सोशल मीडिया पर सीरीज को लेकर फिर से चर्चा तेज हो गई. शाहिद कपूर ने अपने इंस्टाग्राम पर स्टोरी शेयर की है, उसमें वह सेट पर राज एंड डीके के साथ दिखाई दे रहे हैं.

हीटवेव से निपटने स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

अस्पतालों में बनाए जा रहे हीट स्ट्रोक प्रबंधन कक्ष, आवश्यक दवाइयों और एम्बुलेंस सेवाओं को रखा गया अलर्ट मोड पर

कोरिया बैकुंठपुर। जिले में बढ़ते तापमान और संभावित हीटवेव की स्थिति को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने सतर्कता बढ़ा दी है। गर्मी से होने वाली बीमारियों से निपटने के लिए जिला स्तर से लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों तक विशेष तैयारियां की जा रही हैं।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह ने संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं, छत्तीसगढ़ द्वारा जारी एडवाइजरी के अनुरूप जिला अस्पताल सहित सभी स्वास्थ्य संस्थानों में हीटवेव से प्रभावित मरीजों के उपचार के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। निर्देशों के अनुसार जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में हीट स्ट्रोक प्रबंधन कक्ष सक्रिय रखे जाएंगे। इन केंद्रों में पर्याप्त मात्रा में ओआरएस, आईवी फ्लूड, आवश्यक जीवन रक्षक दवाइयां और शीतलन संबंधी व्यवस्थाएं उपलब्ध रखने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि गर्मी से प्रभावित मरीजों को तुरंत उपचार मिल सके। स्वास्थ्य विभाग ने एम्बुलेंस सेवाओं को भी अलर्ट मोड में रखने और आवश्यकता पड़ने पर त्वरित चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने पर जोर दिया है। साथ ही विशेष रूप से बच्चों, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं, बाहरी श्रमिकों और बेघर व्यक्तियों जैसे उच्च जोखिम वाले समूहों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग ने आमजन से भी अपील की है कि तेज धूप में अनावश्यक बाहर निकलने से बचें, पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं और लू के लक्षण दिखाई देने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में संपर्क करें।

तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से 5 वर्षीय मासूम की मौत, आरोपी चालक गिरफ्तार

रामानुजगंज। शहर में मंगलवार दोपहर हुए दर्दनाक सड़क हादसे में 5 वर्षीय मासूम की मौत हो गई। शिव चर्चा भवन के पास बस स्टैंड जाने वाली सड़क पर तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से गंभीर रूप से घायल बच्चे ने इलाज के दौरान रास्ते में दम तोड़ दिया। घटना के बाद पूरे इलाके में शोक और सदमे का माहौल है।

जानकारी के अनुसार मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे बस स्टैंड की ओर से आ रही तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने सड़क किनारे मौजूद 5 वर्षीय बच्चे को जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पिकअप की रफ्तार काफी तेज थी और बच्चा सड़क के किनारे था, इसके बावजूद वाहन चालक ने उसे टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया, जिससे वहां अफरा-तफरी मच गई। बताया जा रहा है कि बच्चा नदी से नहाकर अपने घर जा रहा था। स्थानीय लोगों की मदद से घायल बच्चे को तत्काल 100 बिस्तर अस्पताल रामानुजगंज पहुंचाया गया। जांच के दौरान डॉक्टरों ने बच्चे के सिर में गंभीर चोट पाई। हालत गंभीर होने पर उसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय बलरामपुर रेफर किया गया, जहां से स्थिति नाजुक होने पर बेहतर इलाज के लिए अंबिकापुर भेज दिया गया। बताया जा रहा है कि अंबिकापुर ले जाने के दौरान प्रतापपुर के पास रास्ते में ही बच्चे ने दम तोड़ दिया। मृतक बच्चे की पहचान लक्ष्मण सोनी (5 वर्ष), पिता गणेश सोनी, निवासी वार्ड क्रमांक 3 रामानुजगंज के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार परिवार की आर्थिक स्थिति भी बेहद दयनीय है। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया, वहीं रिंग रोड क्षेत्र में भी गहरा शोक छा गया। मोहल्ले के लोगों का कहना है कि कुछ देर पहले तक बच्चा अपने साथियों के साथ खेल रहा था, लेकिन अचानक हुई इस घटना ने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और फरार पिकअप चालक को रामचंद्रपुर क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

खेलकूद प्रतियोगिता में महिला पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों ने दिखाया दमखम

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर डीआईजी ने जिले की महिला कर्मियों को किया सम्मानित

सूरजपुर। जिले की पुलिस के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस बड़े ही उत्साह से मनाया गया। डीआईजी व एसएसपी श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने पुलिस लाईन सहित विभिन्न स्थानों पर तैनात महिला अधिकारी व कर्मचारियों को पुष्पगुच्छ, स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया और कहा कि आज महिलाएं शिक्षा, स्वास्थ्य, कानून, चिकित्सा और हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा से समाज को नई दिशा दे रही है, यह कार्यक्रम महिलाओं को समर्पित है। इसी क्रम में थाना-चौकी में पदस्थ महिला पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों को थाना-चौकी प्रभारी के द्वारा पुष्पगुच्छ व उपहार देकर सम्मानित किया है।

स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सराहना की

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को लेकर डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर के निर्देश पर पुलिस लाईन में महिला कर्मचारियों के लिए खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें महिला कर्मियों ने काफी हर्ष के साथ भाग लिया। कुर्सी दौड़ में प्रथम महिला आरक्षक झमिता वरकरे, अंजली टोप्पो, जलेबी दौड़ में प्रथम एएसआई बबीता यादव, प्रधान आरक्षक अल्का टोप्पो, महिला आरक्षक नीलम भगत, गिलास निशानेबाजी में प्रथम महिला आरक्षक चिंता पैंकरा, देशमती, चंदा भास्कर व चम्मच दौड़ में प्रथम महिला आरक्षक नीलम भगत रही। कार्यक्रम की रूपरेखा एवं प्रतियोगिता में रेफरी की भूमिका रक्षित निरीक्षक अशोक गिरी ने निभाया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रितेश चौधरी सहित महिला पुलिस अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। इस अवसर पर डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने महिला कर्मचारियों के गुणवत्ता पूर्ण कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष से लेकर पुलिस, सेना तक हर क्षेत्र में कठिन कार्य कर रही हैं। देश की प्रगति में उनका योगदान अहम है। महिलाओं के इस जज्बे और योगदान की जितनी प्रशंसा की जाए कम है। हम सभी उनके अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। महिला सशक्तिकरण हमारे समाज के लिए एक मजबूत और समृद्ध भविष्य की कुंजी है।

डीएमएफ एवं पर्यावरण विभाग को मिल रहा करोड़ों का राजस्व

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि आरी डोंगरी में गोदावरी इस्पात प्रा.लि. को जमीन भारत शासन के खान मंत्रालय के निर्देशों के अनुरूप यह जमीन आबंटित की गई। यह जमीन राजस्व विभाग की है, इससे राज्य शासन को डीएमएफ (खनिज मद) तथा पर्यावरण को राजस्व मिलता है। विधानसभा के बजट सत्र में आज कुंवर सिंह निषाद ने कांकेर जिले में आरी डोंगरी माइंस क्षेत्र के अंतर्गत गोदावरी इस्पात संयंत्र को डम्प करने के नाम पर जमीन आबंटन करने का मामला सदन में उठाया। उन्होंने कहा कि इस जमीन का उपयोग कंपनी द्वारा खनिज का डम्प करने के नाम उपयोग किया जाना है। यह जमीन पौने 200 एकड़ है। इसके नीचे बहुमूल्य खनिज है। जिसकी उपेक्षा की जा रही है। प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कहा कि आरी डोंगरी में गोदावरी इस्पात को खसरा क्रमांक 165 के तहत जमीन का आबंटन किया गया है। यह जमीन ओव्हर बंटन डम्प के नाम पर की गई है।

एनडीपीएस एक्ट मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

सूरजपुर। डीआईजी व एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर के निर्देश पर नशे के धंधे में लिप्त लोगों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही लगातार जारी है। पूर्व में 25.01.2026 को चौकी बसदेई पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर स्वीफ्ट कार क्रमांक सीजी 11 बीडी 8383 सहित 2 व्यक्ति कटघोरा जिला कोरबा निवासी मुकेश कंवर व योगेश कंवर उर्फ सोनू को पकड़ा था जिनके कब्जे से 10 किलो 850 ग्राम गांजा कीमत 2 लाख 50 हजार रूपये, परिवहन में प्रयुक्त कार जप्त कर धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर दोनों को गिरफ्तार किया गया है। प्रकरण में एक आरोपी नीतीश प्रकाश दीवान फरार था। डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने फरार आरोपी की पतासाजी कर जल्द पकड़ने के निर्देश दिए। चौकी बसदेई पुलिस लगातार आरोपी की पतासाजी में लगी थी इसी बीच प्राप्त सूचना के आधार पर फरार आरोपी नीतीश प्रकाश दीवान पिता महेश दास उम्र 25 वर्ष निवासी चोटिया, थाना बांगो, वर्तमान निवासी टेगी पूरा कटघोरा, जिला कोरबा को पकड़ा गया। पूछताछ पर उसने जुर्म स्वीकार किया जिसे विधिवत् गिरफ्तार किया गया।

महिला को बंधक बनाकर दुष्कर्म

रायपुर। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां एक महिला को बंधक बनाकर जबरन दुष्कर्म करने के आरोप में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। स्वर्णभूमि निवासी गोपाल गोयल ने एक महिला को बंधक बनाकर उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। पीड़िता की शिकायत के बाद पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। मामले में पुलिस ने आरोपी गोपाल गोयल के खिलाफ दुष्कर्म और एट्रोसिटी एक्ट की गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

72 वर्ष की शकुंतला ने एथलेटिक्स में मेडल जीतकर दिखाया उम्र छोटी है हौसले के आगे

एमसीबी/मनेन्द्रगढ़। जब हौसले बुलंद हों तो उम्र भी कदम रोक नहीं पाती। मनेन्द्रगढ़ की 72 वर्षीय वरिष्ठ एथलीट शकुंतला सिंह ने यह साबित कर दिखाया है कि खेल के मैदान में जुनून और अनुशासन ही असली ताकत होते हैं। अपने अथक अभ्यास और दृढ़ संकल्प के दम पर उन्होंने एथलेटिक्स की कई राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया है। शकुंतला सिंह का खेलों से नाता बचपन से ही रहा है। नौकरी के दौरान भी वे खेल गतिविधियों में सक्रिय रहीं और कई प्रतियोगिताओं में पुरस्कार हासिल किये। सेवानिवृत्ति के बाद भी उन्होंने खेल से दूरी नहीं बनाई। नियमित अभ्यास और आत्मविश्वास के बल पर वे आज भी युवा खिलाड़ियों की तरह मैदान में उतरकर शानदार प्रदर्शन कर रही हैं। हाल ही में 7 दिसंबर 2025 को हैदराबाद के उस्मानिया यूनिवर्सिटी, तरनाका में आयोजित 7वीं सीनियर सिटीजन ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में उन्होंने जैवलिन थ्रो स्पर्धा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके बाद 13 से 15 फरवरी 2026 तक मध्यप्रदेश के जबलपुर स्थित शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज गोकुलपुर में आयोजित 45वीं नेशनल मास्टर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भी उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए डिस्क थ्रो और हैमर थ्रो में प्रथम स्थान तथा जैवलिन थ्रो में द्वितीय स्थान हासिल किया। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ सहित देश-विदेश के अनेक वरिष्ठ खिलाड़ी शामिल हुए थे जिससे उनकी उपलब्धि और भी महत्वपूर्ण बन जाती है। शकुंतला सिंह का कहना है कि खेल उनके जीवन का अभिन्न हिस्सा है और वे इसे आगे भी जारी रखेंगी। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि वरिष्ठ खिलाड़ियों के लिये शासन-प्रशासन की ओर से पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। यदि उन्हें प्रशिक्षण, संसाधन और प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिये सहयोग मिले तो वे देश और प्रदेश का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचा सकते हैं। शकुंतला सिंह की यह उपलब्धि पूरे एमसीबी जिले के लिए गर्व का विषय है। उनकी सफलता यह संदेश देती है कि सपनों की उड़ान भरने के लिये उम्र नहीं, केवल मजबूत इरादों की जरूरत होती है।

धारदार चाकू लेकर लोगों को डराने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार

रायपुर। पुलिस उपायुक्त (नॉर्थ जोन) मयंक गुर्जर के निर्देश पर नॉर्थ जोन के थाना क्षेत्रों में अवैध रूप से धारदार हथियार रखने और घूमने वालों के खिलाफ पुलिस द्वारा सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में विभिन्न थाना क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने तीन आरोपियों को धारदार चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस उपायुक्त के निर्देश के बाद सभी राजपत्रित अधिकारियों और थाना प्रभारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में मुखबिर तंत्र सक्रिय कर पेट्रोलिंग और सूचना संकलन शुरू किया था। इसी दौरान गुढ़ियारी थाना क्षेत्र में भारत माता चौक के पास हाथ में धारदार चाकू लेकर आम लोगों को आतंकित कर रहे आरोपी भानूप्रताप महिलांग (19 वर्ष) निवासी गोगांव पुरानी बस्ती, डांडे को पुलिस ने गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से एक धारदार चाकू जब्त किया गया है। उसके खिलाफ थाना गुढ़ियारी में धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

ग्रामीण विकास में सरपंचों की है महत्वपूर्ण भूमिका: मुख्यमंत्री

रायपुर। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से आज छत्तीसगढ़ विधानसभा स्थित उनके कार्यालय के सभा कक्ष में जशपुर जिले से चार दिवसीय अध्ययन भ्रमण पर आए सरपंचों के प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य मुलाकात की।मुख्यमंत्री श्री साय ने बड़ी आत्मीयता से सरपंचों से भेंट कर उनके क्षेत्र की स्थिति तथा विकास कार्यों के बारे में जानकारी ली।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि ग्रामीण विकास में सरपंचों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने स्वयं पंच के रूप में जनसेवा का कार्य प्रारंभ किया था। पंच रहने के बाद वे सरपंच बने और आगे चलकर विधायक तथा सांसद के रूप में भी जनता की सेवा करने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि यदि किसी सरपंच में अपने गांव और पंचायत के विकास के लिए समर्पण और जज्बा हो, तो वह अपने क्षेत्र में बड़ा सकारात्मक परिवर्तन ला सकता है। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर अधोसंरचना विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की बड़ी जिम्मेदारी सरपंचों के कंधों पर होती है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में विकास को नई गति मिल रही है। उन्होंने सरपंचों से आग्रह किया कि वे योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें, ताकि ग्रामीण जनता को उनका पूरा लाभ मिल सके।उन्होंने कहा कि समर्पित नेतृत्व और योजना के सही क्रियान्वयन से कोई भी पंचायत आदर्श पंचायत बन सकती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और विकास के अवसर बढ़ रहे हैं। उन्होंने सरपंचों से प्रेरित करते हुए कहा कि वे अपने पंचायत क्षेत्र की समस्याओं और विकास से जुड़े मुद्दों पर विभागीय मंत्रियों और अधिकारियों के साथ निरंतर संपर्क में रहें तथा योजनाओं के क्रियान्वयन में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि अध्ययन भ्रमण का उद्देश्य अन्य क्षेत्रों में हुए विकास कार्यों को देखकर सीखना और उन्हें अपने गांवों में लागू करना है। उल्लेखनीय है कि जशपुर जिले से चार दिवसीय अध्ययन भ्रमण पर आए 35 सरपंचों का दल आज विधानसभा की कार्यवाही देखने विधानसभा पहुंचा था। भ्रमण के दौरान यह दल दुर्ग जिले के ग्राम पंचायत पतोरा तथा धमतरी जिले के ग्राम पंचायत सांकरा में हुए विकास कार्यों का अवलोकन भी करेगा। इस अवसर पर विधायक श्रीमती गोमती साय, श्रीमती रायमुनि भगत सहित जशपुर जिले से आए सरपंचगण उपस्थित थे।

ग्राम समोदा में हटाई गई अवैध कब्जा

दुर्ग। जिले के जनपद पंचायत दुर्ग के अतर्गत ग्राम समोदा में जिला प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने की बड़ी कार्रवाई की गई, अवैध कब्जों पर जेसीबी के माध्यम से शासकीय भूमि रिक्त कराई गई। कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देश पर अतिरिक्त तहसीलदार क्षमा यदु द्वारा राजस्व अमले और पुलिस विभाग के सहयोग से ग्राम समोदा राजस्व निरीक्षक मंडल जेवरा सिरसा तहसील व जिला दुर्ग के अतंर्गत शासकीय घास भूमि खसरा नम्बर 778 रकबा 0.13 हेक्टेयर भूमि पर किये गये अवैध पक्का दुकान निर्माण, टीन शेड लगाकर दुकान निर्माण तथा सीमेंट पोल लगाकर किया गया तार घेरा को हटाने की कार्रवाई की गई।

ईश्वर की अनुपम कृति हैं महिलाएं:अरुण साव

रायपुर। महिलाएं ईश्वर की अनुपम कृति हैं। ईश्वर ने उन्हें विशेष शक्तियां और क्षमताएं दी हैं। महिलाओं ने अपनी लगन, मेहनत और काबिलियत से हर क्षेत्र में अपना स्थान बनाया है। हर क्षेत्र में उपलब्धियां और ऊंचाईयां हासिल की हैं। माताओं व बहनों का सम्मान एवं विशेष स्थान प्राचीन काल से हमारी संस्कृति और परंपरा में है। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री श्री अरुण साव ने नारी शक्ति सम्मान समारोह में ये विचार व्यक्त किए। उन्होंने नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा आज रायपुर के शासकीय मेडिकल कॉलेज ऑडिटोरियम में आयोजित समारोह में स्वच्छता, स्वावलंबन और सशक्तीकरण के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाली स्वच्छता दीदियों, महिला हितग्राहियों एवं स्वसहायता समूहों की महिलाओं को सम्मानित किया।

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने समारोह में नगरीय निकायों में हर महीने स्वच्छता के आंकलन के लिए छत्तीसगढ़ स्वच्छता लीग का शुभारंभ किया। उन्होंने प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में स्वच्छता दीदियों के स्वास्थ्य की जांच के लिए 15 दिनों के विशेष शिविर आयोजित करने की घोषणा की। ये शिविर आगामी 14 मार्च से लगाए जाएंगे। नारी शक्ति सम्मान समारोह में प्रदेशभर की स्वच्छता दीदियां, महिला हितग्राही एवं स्वसहायता समूहों की महिलाएं जोश और उत्साह से शामिल हुईं। वे इस दौरान प्रसिद्ध लोक गायिका सुश्री गरिमा दिवाकर और स्वर्णा दिवाकर द्वारा प्रस्तुत फाग गीत पर जमकर झूमीं। उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने नारी शक्ति सम्मान समारोह में महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में कभी निराश होने की जरूरत नहीं है। महिलाएं संघर्ष और करुणा की प्रतिमूर्ति हैं। आप में जो क्षमता और ताकत है, वो किसी और में नहीं है। देश में ऐसी अनेक घटनाएं और प्रसंग हैं जहां नारी शक्ति ने अपनी ममता, तपस्या, त्याग और बलिदान की अनूठी मिसालें पेश की हैं। श्री साव ने कहा कि नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद महिलाओं के सम्मान और सशक्तीकरण के लिए कई योजनाएं शुरू हुई हैं। स्वच्छ भारत मिशन के तहत घर-घर में शौचालय बनाए गए हैं, उज्जवला योजना से रसोई गैस दिए गए हैं, जल जीवन मिशन ने महिलाओं की दिनचर्या पूरी तरह बदल दी है। 'एक पेड़ मां के नाम' और 'वीमेन फॉर ट्री' जैसी योजनाओं ने महिलाओं की प्रतिष्ठा और सम्मान बढ़ाया है। श्री साव ने बताया कि छत्तीसगढ़ के शहरों में स्वीकृत दो लाख 44 हजार प्रधानमंत्री आवासों में से एक लाख 77 हजार आवास महिलाओं के नाम से स्वीकृत हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना से यह संभव हुआ है कि इतनी बड़ी संख्या में महिलाओं के पास खुद के नाम पर पक्का घर है। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत राज्य के 70 हजार महिला स्ट्रीट वेंडर्स को 88 करोड़ रुपए से अधिक का ऋण बैंकों के माध्यम से दिलाया गया है। उन्होंने कहा कि माता बच्चे की प्रथम शिक्षक होती है। इस नाते भावी पीढ़ी को अच्छे संस्कार, अच्छी शिक्षा, अच्छी सोच और अच्छी दिशा देने की महती जिम्मेदारी महिलाओं के कंधों पर है। रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर हमारे राज्य को और हमारे शहरों को जो प्रतिष्ठा मिलती है, वह आप लोगों के कार्यों की वजह से मिलती है। उन्होंने समारोह के आयोजन के लिए उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री श्री अरुण साव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विधानसभा सत्र के बीच इसका आयोजन किया गया है। तमाम व्यस्तताओं के बावजूद आप लोगों का हौसला बढ़ाने और सम्मानित करने उप मुख्यमंत्री यहां मौजूद हैं। श्रीमती चौबे ने कहा कि आप लोगों की प्रेरणा और सहयोग से हम आगे बढ़ते हैं। आपकी सहभागिता से योजनाओं को हम धरातल पर उतारते हैं। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के सचिव डॉ. बसवराजु एस. ने कार्यक्रम में अपने स्वागत भाषण में कहा कि विभाग के कार्यों में महिलाएं महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। स्वच्छता दीदियों और स्वसहायता समूहों के साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना और पीएम स्वनिधि योजना के क्रियान्वयन में वे बड़ी भूमिका निभा रही हैं। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के संचालक श्री आर. एकका, रायपुर नगर निगम के आयुक्त श्री विश्वदीप, राज्य शहरी विकास अभिकरण (स्ह्र) के सीईओ श्री शशांक पाण्डेय, रायपुर नगर निगम में स्वास्थ्य विभाग की अध्यक्ष श्रीमती गायत्री सुनील चंद्राकर, संस्कृति विभाग के अध्यक्ष श्री अमर गिदवानी, राजस्व विभाग के अध्यक्ष श्री अवतार भारती बागल और पार्षद श्रीमती स्वप्निल मिश्रा सहित नगरीय प्रशासन एवं सूडा के अनेक अधिकारी भी समारोह में मौजूद थे। समारोह में स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले नगरीय निकायों के स्वच्छता दीदियों के प्रतिनिधि के रूप में बिलासपुर की श्रीमती रामेश्वरी सागर, कुम्हारी की श्रीमती मंजू देवांगन, बिल्हा की श्रीमती संपति यादव, अंबिकापुर की श्रीमती संगीता गुप्ता, विश्रामपुर की श्रीमती भारती गुप्ता और पाटन की श्रीमती लता मंडलेश को सम्मानित किया गया। विपरीत परिस्थितियों के बीच नगर निगम के सहयोग से प्रधानमंत्री आवास का निर्माण करने वाली रायपुर की श्रीमती मांडवी कौशिक, बीरगांव की श्रीमती बिमला साहू, कुम्हारी की श्रीमती त्रिवेणी साहू, राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित बगीचा की महिला हितग्राही श्रीमती सुमन तिर्की तथा वीमेन फॉर ट्री में उत्कृष्ट कार्य करने वाली बिलासपुर की श्रीमती पल्लवी विजय क्षत्री, लोरमी की श्रीमती दुर्गा राजपूत और बगीचा की श्रीमती प्रभा यादव का भी सम्मान किया गया। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने निर्धारित समयावधि में प्रधानमंत्री आवास का निर्माण पूर्ण कर मुख्यमंत्री गृहप्रवेश सम्मान का हकदार बनीं रायपुर की श्रीमती रजनी ध्रुव, कुम्हारी की श्रीमती गीता पाल और बीरगांव की श्रीमती पलक देवांगन को (प्रत्येक को) 32 हजार 850 रुपए का चेक प्रदान किया। उन्होंने प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत रायपुर नगर निगम की तीन स्ट्रीट वेंडर्स श्रीमती लक्ष्मी साहू, श्रीमती रत्ना दीप और श्रीमती बी. लावण्या को 50-50 हजार रुपए के चेक सौंपे।

एसईसीएल दीपका के कांटाघर के पास कोल लिफ्टर के मुंशी को वाहन ने कुचला, मौत

दुर्घटना खदान के अंदर हुई या बाहर, इसे लेकर परस्पर अलग-अलग दावे

-स्थानीय संवाददाता-

कोरबा। साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के दीपका एरिया में पिछली रात हुई दुर्घटना में कोल लिफ्टर के मुंशी अरविंद सिंह की मौत हो गई। यूपी के फतेहपुर निवासी अरविंद काफी समय से यहां पर रहकर काम कर रहा था। उसे एक भारी वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया। घटना स्थल को लेकर परस्पर अलग-अलग दावे किए जा रहे हैं। दीपका पुलिस ने सूचना पर मर्ग पंचनामा किया है। मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

दीपका पुलिस थाना क्षेत्रांतर्गत सिरकी रेलवे क्रासिंग के नजदीक यह एक्सीडेंट पिछली रात 8.30 बजे के लगभग होने की जानकारी मिली। कोल लिफ्टर बृजेश सिंह की सूचना पर पुलिस ने बीएनएसएस के तहत मर्ग दर्ज किया है। बताया गया कि एसईसीएल दीपका ने बृजेश एक ट्रांसपोर्टर के लिए कोल लिफ्टर के तौर पर नियोजित है, उसने ट्रांसपोर्टिंग के मामले में कामकाज देखने के लिए 32 वर्षीय अरविंद सिंह को मुंशी की भूमिका में रखा था। बताया गया कि रात्रि को मृतक अरविंद घर से पैदल ही सिरकी में 22 नंबर कांटा के पास जा रहा था। इसी दरम्यान पांडेय रोड लाइन्स के भारी वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। ऐसा क्यों हुआ, इसका पता नहीं चला। वाहन के संपर्क में आने से अरविंद गिर पड़ा और उसके उपर से पहिए पार हो गए। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना प्राप्त होने पर पुलिस ने इस मामले में संज्ञान लिया। पंचनामा के बाद अगली कार्यवाही की गई। मृतक के परिजनों को सूचित कर दिया गया है। एसईसीएल प्रबंधन का दावा है कि घटना माइनिंग एरिया से बाहर हुई है जबकि जो सूचनाएं पुलिस के पास पहुंची है उसमें घटना को खनन क्षेत्र के दायरे में होना बताया गया है। तथ्यों के आधार पर प्रकरण में आवश्यक जांच-पड़ताल और कार्यवाही करने की बात कही जा रही है। इन सबके बावजूद अरविंद की मौत से उसके परिजनों के सामने सामाजिक संरक्षण की चुनौतियां पैदा हो गई है।

लगातार हो रही घटना ने प्रबंधन को डाला परेशानी में

कोरबा जिले में एसईसीएल की मेगा माइंस के तौर पर गेवरा, दीपका और कुसमुंडा का नाम शामिल है। विस्तार के क्रम में कोल इंडिया ने यहां के लिए करोड़ों के संसाधन मुहैया कराए हैं। इसके साथ ही जरूरी मैनपावर की उपलब्धता कराई है। उन तमाम अवरोध को दूर किया जा रहा है जिसके कारण परियोजनाओं के विस्तार में दिक्कत है। सरकार के साथ समन्वय बनाने का काम भी इस कड़ी में चल रहा है। इन सबके बावजूद खदानों में लगातार हो रही दुर्घटनाएं अधिकारियों के लिए टेंशन का कारण बनी हुई है। ये कम कैसे हों, अब इस पर चिंतन चल रहा है।

लगातार शिकायतों के बाद गर्ल्स कॉलेज के पास से हटाया अतिक्रमण

कोरबा। स्थानीय प्रशासन के निर्देश पर पूर्व शहर में अतिक्रमण अभियान शुरू किया गया है आज सरकारी मिनीमाता गर्ल्स कॉलेज के आसपास से अतिक्रमण के मामले में कार्रवाई की गई। दावा किया गया कि इससे पहले संबंधित लोगों को नोटिस दिए गए।

बुधवार को सुबह 10:00 बजे के लगभग नगर निगम की टीम घंटाघर टर्निंग पर उपस्थित हुई। इसमें अतिक्रमण विरोधी स्क्वाड के लोग शामिल थे। उनके द्वारा गर्ल्स कॉलेज के आसपास में कुछ ठेले टपरों को हटाने का काम किया गया। बताया गया कि प्रशासन के निर्देश पर हम लोग इस कार्रवाई को कर रहे हैं। जप्त किया गया सामान नगर निगम के कब्जे में होगा और फिर अगली कार्रवाई होगी। जानकारी मिली कि अतिक्रमण के कारण इस रास्ते पर जन सामान्य के साथ-साथ कॉलेज छात्राओं को समस्या हो रही थी। लगातार इस तरह की शिकायतें हमारे पास आ रही थी और इस पर अधिकारी ने संज्ञान लिया। इस कड़ी में यह कदम उठाया गया है। ऐसे कई और भी क्षेत्र आईडेंटिफाई किए गए हैं जहां पर इस कार्रवाई को किया जाना है।

इससे पहले प्रशासन के निर्देश पर नगर निगम ने बुधवारी बाजार में सड़क के किनारे किए गए ऐसे अनेक अतिक्रमण को हटाने का काम किया है। मौके पर चार दिवारी बनाने के साथ अब गाड़ियों की पार्किंग के लिए अलग से विकल्प दिया जा रहा है। अधिकारियों ने कहा कि इस तरह का काम होने से कई प्रकार की समस्याएं कम होगी और ट्रैफिक से संबंधित चुनौतियां को कुछ हद तक दूर किया जा सकेगा।

लोगों को किया जा रहा जागरूक

कोरबा। ट्रैफिक नियमों का परिपालन जरूरी क्यों है और अन्य स्थिति में जिंदगी पर खतरा कैसे हो सकता है, यह बताने के लिए ट्रैफिक ने जागरूकता अभियान जारी रखा है। रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड सहित भीड़भाड़ वाली जगह और चौराहों पर पोस्टर लगाए जा रहे हैं। इनके माध्यम से वाहन चालकों और जन सामान्य को जरूरी जानकारी दी जा रही है। एडिशनल एसपी लखन पटले, नीतिश ठाकुर और सीएसपी प्रतीक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में ट्रैफिक का मैदानी अमला अभियान को गति दे रहा है। इसे सतत् रूप से चलाने की बात कही गई।

सुधरेगी कोरबा शहर के सड़कों की दशा

कोरबा। नगर विधायक और कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन के प्रयासों से कोरबा शहर के चार प्रमुख मार्गो के डामरीकरण हेतु 5.93 करोड़ की स्वीकृति नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा अधोसंरचना मद से दी गई है।कोरबा नगर निगम क्षेत्र के सर्वांगीण विकास हेतु संकल्पित कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन की पहल पर शहर के चार प्रमुख मार्गों के डामरीकरण की स्वीकृति प्राप्त हुई है। इन सड़कों के डामरीकरण से शहर के लोगों को बेहतर एवं सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिलेगी।

जिन सड़कों के डामरीकरण की स्वीकृति मिले है उनमें सुनालिया ब्रिज से पावर हॉउस रोड फाटक अंडरब्रिज रोड तक सड़क डामरीकरण कार्य लागत 112.55 लाख, पावर हाउस रोड फाटक से पुराना बस स्टैंड तक सड़क डामरीकरण कार्य लागत 156.90 लाख, जैन चौक से घंटाघर तक सड़क डामरीकरण कार्य लागत 125.00 लाख, घंटाघर से कोसाबाड़ी चौक तक सड़क डामरीकरण कार्य 199.00 लाख शामिल हैं। ज्ञात रहे कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन के सशक्त नेतृत्व का कोरबा नगर वासियों को निरंतर लाभ मिल रहा है। विगत डेढ़ महीने के भीतर लगातार विकास कार्यों की स्वीकृति राज्य शासन से नगर निगम कोरबा को मिल रही है। इसके पूर्व सीएसईबी चौक से कोसाबाडी तक गौरव पथ हेतु 36 करोड़ की स्वीकृति प्राप्त हुई। रानी रोड कोरबा से सर्वमंगला मंदिर के बीच हस्देव नदी पर रपटा निर्माण की स्वीकृति, अधोसंरचना विकास एवं पर्यावरण उपकर निधि से 15 विभिन्न विकास कार्यों हेतु 2 करोड़ की स्वीकृति प्राप्त हुई थी। स्वीकृति मिलने पर मंत्री श्री देवांगन ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय,उपमुख्यमंत्री अरुण साव, वित्त मंत्री ओपी चौधरी का विशेष आभार व्यक्त करते हुए कहा की ट्रिपल इंजन सरकार में आज कोरबा नगर को विकास कार्यों के लिए भरपूर फंड मिल रहा है। विकास कार्यों को नए आयाम मिल रहे है।

डॉ पांडेय ने कहा, बहुसंख्यक वर्ग को मिल रहा योजनाओं का लाभ

स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए सरकार का अच्छा कदम

कोरबा। कोरबा जिले में दर्री मंडल के पूर्व भाजपा अध्यक्ष और केएन कॉलेज की प्रशासनिक समिति में पदाधिकारी डॉक्टर आरसी पांडेय ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी को पूरा करने के लिए छत्तीसगढ़ की विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली सरकार पूरी दृढ़ता के साथ काम कर रही है। बहुसंख्यक वर्ग को सरकार की ओर से क्रियान्वित की जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ निरंतर मिल रहा है।

नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन में अध्यक्ष का दायित्व निभा चुके डॉक्टर पांडेय ने कहा की जन कल्याण को ध्यान में रखते हुए योजनाएं तैयार की गई है और इनके ब्लूप्रिंट में कई चीजों का विशेष रूप से ध्यान रखा गया है। छत्तीसगढ़ के अधिकतम लोगों की पहुंच में यह योजनाएं हैं और संबंधित लोग अलग-अलग मामले में लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के द्वारा वर्ष 2026 -27 के बजट में स्वास्थ्य को लेकर जो प्रावधान किए गए हैं, वह बताते हैं कि जनता के हित के लिए क्या कुछ आवश्यक है और इसके लिए क्या कुछ करना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी को पूरा करने के लिए न केवल प्रदेश में काम किया जा रहे हैं बल्कि मुख्यमंत्री विष्णु देव के नेतृत्व में प्रदेश को प्रगति के पद पर लगातार अग्रषित किया जा रहा है।

चैतमा व बांकीमोंगरा में बैठक आज

कोरबा। कांग्रेस कार्यकर्ताओं का सम्मेलन 13 मार्च से शुरू हो रहा है। जिसकी तैयारी में कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सभी क्षेत्रों में बैठक ले रहे हैं। आज ग्रामीण कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मनोज चौहान, महामंत्री गोपाल यादव, प्रदीप अग्रवाल, परमानंद सिंह, बांकीमोंगरा के बैठक में शामिल होंगे। यहां कटघोरा विधानसभा क्षेत्र में होने वाले सम्मेलन पर चर्चा होगी। बैठक में मंडल अध्यक्ष संजय आजद, राजेश मानिकपुरी, धनंजय दीवान, यशपाल कंवर, अजय प्रसाद सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहेगे। छूरी क्षेत्र के लक्ष्मीकंवर, नंदलाल देवांगन,नीरज श्रीवास्तव, जीवन यादव, विनय दुबे, शेषबन गोस्वामी भी शामिल होंगे। इसके बाद चैतमा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक होगी। 13 मार्च को कटघोरा व तानाखार विधानसभा क्षेत्र का सम्मेलन होगा, जबकि 14 को कोरबा व रामपुर विधानसभा में सम्मेलन आयोजित है। इसमें प्रदेश सह प्रभारी जरीता शामिल होंगी। महिला कांग्रेस की प्रभाकंवर, भुनेश्वरी दास, रहमान खान तैयारी में आदि जुटे हुए हैं।

ये आराम का मामला...

बुधवारी के फुट ओवरब्रिज के नीचे के हिस्से में पशुओं को आराम करने का विकल्प मिल गया है। गर्मी में उन्हें राहत मिल रही है।

सहकारिता प्रकोष्ठ के संयोजक बनाए गए बृजेंद्र

कोरबा। भारतीय जनता पार्टी ने सहकारिता प्रकोष्ठ में बृजेंद्रधर शर्मा को कोरबा जिले का संयोजक नियुक्त किया है। उन्होंने काफी समय मातृ संगठन और उसके आयाम में अपनी सेवाएं दी है। सहकारिता क्षेत्र के बारे में बेहतर जानकारी रखना के दृष्टिकोण से श्री शर्मा को अब नया दायित्व संगठन में दिया गया है। उनकी नियुक्ति पर कार्यकर्ताओं ने खुशी जताई । बृजेंद्र ने कहा कि संगठन की ओर से दिए गए दायित्व का कुशलतापूर्वक निर्वहन करने की कोशिश की जाएगी।

नवरात्र के लिए मंदिरों में प्राथमिक तैयारी

कोरबा। चैत्र नवरात्र पर्व के लिए कोरबा नगर, उपनगरीय क्षेत्र और अंचल के देवी मंदिरों में प्राथमिक तैयारियां शुरू की गई है। सफाई से लेकर रंगाई-पोताई का काम प्रारंभ किया गया है। जिन स्थानों पर ज्योति कलश प्रज्वलित होने हैं वहां सुरक्षा के दृष्टिकोण से प्रबंध किए जा रहे हैं। ग्रीष्मकाल में संभावित अग्नि दुर्घटनाओं का ख्याल करते हुए सभी जरूरी व्यवस्थाएं मौके पर करने को प्राथमिकता में रखा गया है। इसके अलावा अन्य स्तर पर भी कार्य किया जा रहा है।

गांव की बंजर जमीन ने किया किसान का भाग्योदय

संकल्प और तकनीक से अब लाखों की कमाई

कोरबा। करतला विकासखंड के एक छोटे से गांव बांधापाली के किसान रूपचंद ने अपनी मेहनत और नई तकनीक से वर्षों से बंजर पड़ी एक एकड़ जमीन को आम के बगीचे में बदल दिया है। कभी अनुपजाऊ मानी जाने वाली यह जमीन आज उनके परिवार की आय का प्रमुख स्त्रोत बन चुकी है।

ग्रामीण विकास बैंक नाबार्ड की आम बागीचा योजना के तहत रूपचंद को प्रति एकड़ 25 आम के पौधे और आधुनिक बागवानी का प्रशिक्षण मिला। मिट्टी सुधार, जैविक खाद, सूक्ष्म पोषक तत्वों के उपयोग और ड्रिप सिंचाई तकनीक अपनाकर उन्होंने बगीचा तैयार किया। करीब पांच साल बाद पेड़ों में फल लगने लगे और पहली ही अच्छी पैदावार में उन्हें लगभग एक लाख रुपये की आय हुई। रूपचंद की सफलता से प्रेरित होकर करतला क्षेत्र के करीब 40 गांवों के 2000 से अधिक किसान आम की बागवानी से जुड़ चुके हैं। पिछले वर्ष क्षेत्र में लगभग 600 टन आम की खरीदी हुई, जिससे किसानों को अच्छा लाभ मिला। यह पहल न केवल किसानों की आय बढ़ा रही है बल्कि बंजर जमीन को उपजाऊ बनाने और जल संरक्षण को भी बढ़ावा दे रही है।

मंडल स्तर पर भाजपा की कार्यशाला 17 से

कोरबा। भाजपा द्वारा सभी मंडलों में अलग-अलग कार्यशाला लगाई जा रही है। कोरबा मंडल में 17 व 18 को कार्यशाला आयोजित है। इस कार्यशाला को सफल बनाने में मंडल अध्यक्ष योगेश मिश्रा, अनुसूचित जाति मोर्चा के मंत्री सरजू अजय, राजेश लहरे, प्रमोद जांगड़े, राधिका श्रीवास सहित अन्य कार्यकर्ता जुटे हुए हैं। इसी तरह 17 को कोसाबाड़ी मंडल मे कार्यशाला होगी। यहां राजेश राठौर, मिलापराम, पुनीराम साहू, निहाल सोनी, तेरस दीवान, सरीता महंत, भजन कंवर तैयारी में लगे हुए हैं। बालको में 29 से कार्यशाला आयोजित है। यहां डीलेन्द्र यादव, ज्योति परिहार, अश्वनी चंद्रा तैयारी कर रहे हैं।

राहत देंगे मटके, टोंटी वाले और सामान्य की कीमतों में आंशिक अंतर

कोरबा। वर्ष 2026 में काफी पहले ही गर्मी करना केवल आगमन हुआ बल्कि उसने अपना रौद्र रूप दिखाना भी शुरू कर दिया है। ऐसे में जन सामान्य को राहत देने के लिए मिट्टी के मटके बाजार में उपलब्ध हो गए हैं। स्थानीय और पड़ोसी प्रदेश से इनकी उपलब्धता बाजार में हुई है।

कोरबा के बुधवारी बाजार बाजार में इन मटकों की मार्केटिंग बेहतर तरीके से हो रही है। सीतामढ़ी क्षेत्र पर आधारित इस व्यवसाय से जुड़ी एक महिला कारोबारी ने बताया कि समय और परिस्थितियों के आधार पर हर वर्ष ऐसे सामानों की कीमत बढ़ रही हैं। टोंटी वाले मटको के लिए हमने 150 रुपए प्रति इकाई की कीमत रखिए जबकि सामान्य मटके 20 रुपए कम यानी 130 रुपए के दर पर बिक्री के लिए उपलब्ध कराए गए हैं। इस प्रकार से कीमतों में बेहद सामान्य अंतर है और ऐसा हर वर्ष होते रहता है। कारोबारी ने बताया कि मिट्टी के लिए किसी प्रकार की रॉयल्टी का प्रावधान नहीं है लेकिन मजबूती के लिए कई चीज जरूरी होती है। लेबर चार्ज व ट्रांसपोर्टिंग मिलाकर हमें अपना मार्जिन भी देखना होता है ताकि पूरे सीजन की आवश्यकताओं की पूर्ति हो सके। कोरबा के साथ ही मध्य प्रदेश के चंदिया में निर्मित होने वाले मटकों की मांग यहां पर काफी अच्छी बनी हुई है। गर्मी के मौसम में अभिजात्य वर्ग रेफ्रिजरेटर के पानी का उपयोग करता है लेकिन प्राचीन मान्यताओं के अनुसार इस कालखंड में मटके के पानी का उपयोग करना बेहतर माना जाता है।

सदस्यता अभियान के लिए कामगारों को जिम्मा

कोरबा। एसईसीएल गेवरा केन्द्रीय कर्मशाला में सदस्यता अभियान के लिए कोयला कामगार ताकत लगा रहे हैं। इस बार एकल सदस्यता अभियान के चलते कोयला कामगार मेहनत कर रहे हैं। एसईकेएमसी के विशाल शुक्ला, एलीन एक्का कल विभागों में जाकर कामगारों से मुलाकात की। इसी तरह एसकेएमएस के अमृतलाल साहू, एलपीचंद्रा ने अपने वरिष्ठ नेताओं से मार्गदर्शन लिया, जबकि एचएमएस से राकेश बेनजामीन, बीएल खुंटे ने एक अलग रणनीति तैयार की है।बीकेकेएमएस के हमराज राव व मुकुतराम कर्ष काफी संतुष्ट दिखाई दे रहे हैं।

अतिक्रमण हटाने के साथ वक्फ संपत्तियों को उपयोगी बनाएगा बोर्ड : सलीम

कोरबा। छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज ने कहा कि वक्फ की जमीनों को अतिक्रमण से मुक्त कराने की करवाई जल्द करेंगे। इसके साथ ही संपत्ति की उपयोगिता बढ़ाई जाएगी। इससे आर्थिक स्तर पर मजबूती प्राप्त होने की पूरी संभावना भी है।

कोरबा प्रवास पर सामाजिक कार्यक्रम मे हिस्सा लेने पहुंचे डॉ.सलीम राज का अल्पसंख्यक मोर्चा के लोगों ने स्वागत किया। इसके बाद वे इफ्तार पार्टी मे शामिल हुए।मीडिया से बातचीत में केबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त वक्फ बोर्ड अध्यक्ष ने स्वीकार किया कि छत्तीसगढ़ मे अनेक स्थानों पर वक्फ की जमीन पर अतिक्रमन है हम इस दूरपयोग को रोकेंगे। उन्होंने बताया कि डबल इंजन की सरकार अल्पसंख्यक के विकास के लिए काम कर रही है। उनका कहना था कि अमेरिका और इजराइल के द्वारा इरान पर जो कुछ किया गया उसके कारण युद्ध की स्थिति निर्मित हुई।

स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com